

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 183 | ग्वालियर मंगलवार, 25 अप्रैल 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### केदारनाथ में भारी बर्फबारी से दो लोगों की तबीयत बिगड़ी



**नई दिल्ली।** केदारनाथ धाम में लगातार मौसम बिगड़ रहा है, जिस कारण दिक्कतें बढ़ने लगी हैं. यात्रा की तैयारियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. धाम में अत्यधिक बर्फबारी होने के चलते 2 लोगों की तबीयत खराब हो गई. केदारनाथ धाम में दो लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ने से प्रशासन ने उन्हें एयरलिफ्ट कर सरकारी अस्पताल में भर्ती किया है. केदारनाथ धाम में पल-पल मौसम बदल रहा है. तापमान में कमी आने के कारण धाम में काम कर रहे लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है. बहरहाल अभी दोनों की तबीयत ठीक बताई जा रही है. आपको बता दें कि केदारनाथ धाम में पिछले चार-पांच दिनों से मौसम बिगड़ रहा है. मौसम के तल्ख मिजाज की वजह से यात्रा की तैयारियों में परेशानियां खड़ी हो रही हैं. वहीं अब बिगड़ते मौसम के चलते लोगों की तबीयत भी खराब होने लगी है. दो लोगों को हेलीकॉप्टर की मदद से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है. प्रशासन की ओर से तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों की बेहतर देखभाल की जा रही है. केदारनाथ में तबीयत बिगड़ने पर दो बीमार लोगों को पवनहंस कंपनी के हेलिकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर फाटा पहुंचाया गया. वहां दोनों बीमार लोगों का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुप्तकाशी अस्पताल भेजा गया. बताया जा रहा है कि धाम में राजेश स्वामी और नरेश रावत की तबीयत अचानक खराब होने लगी. दोनों का ऑक्सीजन लेवल कम हो गया, जिससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी. जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि धाम में पिछले कई दिनों से बर्फबारी और बारिश हो रही है, जिस कारण ठंड बढ़ गई है. ये दोनों लोग भी एक अन्य प्रकाश रावत के साथ अपने कारोबार को लेकर यहां काम कर रहे थे. इसी दौरान उनकी तबीयत खराब हो गई. जिसके बाद तत्काल दोनों बीमार लोगों को हेली की मदद से फाटा पहुंचाया गया. जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया. दोनों का स्वास्थ्य अब ठीक बताया जा रहा है.

### लिंगायत समुदाय को लुभाने के लिए बीजेपी-कांग्रेस ने लगाया दाव

**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव प्रचार अब अपने आखिरी पड़ाव में है, ऐसे में राज्य की दो प्रमुख पीर्टियां बीजेपी और कांग्रेस चुनाव को लेकर अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है. कर्नाटक में सबसे ज्यादा सीटों पर वर्चस्व रखने वाली आबादी



लिंगायत मतदाताओं की हैं, जिसे लेकर सूबे की पूरी राजनीति इसके इर्द-गिर्द दिखाई दे रही है. सभी पार्टियां लिंगायत समुदाय के 17 प्रतिशत मतदाताओं के वोट को अपने पाले में करने की होड़ में लगी हुई हैं और वोटरों को लुभाने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रही हैं. बीजेपी अपने दो वरिष्ठ नेताओं और राज्य के प्रमुख लिंगायत चेहरों के जाने से खुद को एक नकारात्मक स्थिति में पा रही है. वहीं कांग्रेस अपनी तरफ इनको शामिल करके लिंगायत मतदाताओं को अपनी तरफ लाने का सोच रही होगी. ऐसे में दोनों पार्टियों के नेता इस समुदाय के गढ़ में पहुंच कर उन्हें अपनी ओर करने के दांव में जुटी हैं. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 19 अप्रैल की सुबह हुबली में लिंगायतों के दो प्रभावशाली माने जाने वाले सिद्धारूढा और मूरसाविरा मठ पहुंचकर उनसे संवाद किया. वहीं, बीजेपी के दिग्गज रहे जगदीश शेट्टार भी अपने पारंपरिक क्षेत्र पहुंच कर लिंगायत समुदाय पर इमोशनल कार्ड खेल रहे हैं. कांग्रेस नेता जगदीश शेट्टार कर्नाटक में येदियुरप्पा के बाद दूसरे सबसे बड़े लिंगायत नेता कहे जाते हैं. ऐसे में उनके साथ बीजेपी के बर्ताव से इस समुदाय के लोगों में क्या अंतर आया है ये तो चुनाव के नतीजे ही तय करेंगे. फिलहाल, शेट्टार के नामांकन के दौरान उमड़े जनसैलाब से पता चलता है कि वरिष्ठ नेता का यहां दबदबा बरकरार है. बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने यहां पहुंचकर संवाद किया. वो हुबली में हैं, जहां लिंगायत वोटरों का वर्चस्व है. शेट्टार भी इसी हुबली से आते हैं, वह लगातार छह बार हुबली-धारवाड़ सीट से चुनाव जीत चुके हैं. ऐसे में हुबली में सारे समीकरण उलटे नजर आ रहे हैं.

### सर्कस के लिए मशहूर जेमिनी शंकरन का निधन

**नई दिल्ली।** जेमिनी सर्कस' के संस्थापक और भारतीय सर्कस के दिग्गज जेमिनी शंकरन का रविवार (23 अप्रैल) को निधन हो गया है. वह 99 साल के थे. शंकरन के पारिवारिक सूत्रों ने सोमवार (24 अप्रैल) को बताया कि वह बढ़ती उम्र संबंधी बीमारियों के कारण पिछले कुछ दिन से यहां निकट स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती थे और उनका रविवार रात को निधन हो गया. केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और भारतीय सर्कस को दुनियाभर में लोकप्रिय बनाने में उनकी अहम भूमिका की सराहना की. उन्होंने कहा, ''उन्होंने (शंकर ने) भारतीय सर्कस के आधुनिकीकरण में एक बड़ी भूमिका निभाई और विदेशी कलाकारों और उनके करतबों को इसमें शामिल किया.'' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगतिशील दृष्टिकोण रखने वाले शंकरन के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे. शंकरन के विभिन्न प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपतियों और अन्य प्रमुख हस्तियों के साथ भी अच्छे संबंध थे. विजयन ने कहा कि शंकरन का निधन देश में सर्कस की कला के लिए एक बड़ी क्षति है.

सूडान में संघर्ष के बीच भारत का ऑपरेशन कावेरी

# 500 लोगों को पोर्ट तक लाया गया

**नई दिल्ली।** अफ्रीकी देश सूडान में फंसे भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए सरकार ऑपरेशन कावेरी चला रही है. जिसके तहत 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं. इस बारे में सोमवार (24 अप्रैल) को विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने ट्वीट कर जानकारी दी. उन्होंने लिखा कि सूडान में फंसे हमारे नागरिकों को वापस लाने के लिए ऑपरेशन कावेरी चल रहा है. लगभग 500 भारतीय पोर्ट सूडान पहुंच गए हैं जबकि अन्य रास्ते में हैं. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगे लिखा कि हम सूडान में अपने नागरिकों की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हमारे विमान और शिप उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं. वहीं फ्रांस ने हिंसाग्रस्त सूडान से निकासी अभियान के तहत 5 भारतीय नागरिकों सहित 28 देशों के नगरिकों को बाहर निकाला है. फ्रांसीसी राजनयिक सूत्र ने बताया कि



फ्रांस की वायु सेना ने अब तक पांच भारतीय नागरिकों को निकाला है. इन भारतीयों को 28 से अधिक अन्य देशों के लोगों के साथ जिबूती में फ्रांस के सैन्य अड्डे पर लाया गया. इससे पहले रविवार को सऊदी अरब ने कहा था कि उसने घनिष्ठ संबंध रखने वाले देशों और मित्र राष्ट्रों के 66 नागरिकों को सूडान से सुरक्षित रूप से निकाला है, जिनमें कुछ भारतीय भी शामिल हैं. इससे पहले रविवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत ने हिंसा प्रभावित सूडान में फंसे भारतीयों को इस अफ्रीकी देश से सुरक्षित रूप से निकालने की अपनी आकस्मिक योजना के तहत जेद्दा में दो सी-130जे सैन्य परिवहन विमान उड़ान भरने के लिए तैयार रखे हैं. साथ ही, भारतीय नौसेना के एक जहाज को क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बंदरगाह पर रखा गया है. सरकार ने शुक्रवार को कहा था कि वह सूडान में विभिन्न स्थानों पर मौजूद 3,000 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर अभी ध्यान दे रही है. शुक्रवार को एक हाई लेवल मीटिंग में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान से भारतीयों को सुरक्षित रूप से निकालने की आकस्मिक योजनाओं की तैयारी के लिए निर्देश दिए थे. गौरतलब है कि सूडान में, वहां की सेना और एक अर्द्धसैनिक समूह के बीच पिछले 10 दिनों से जारी भीषण लड़ाई में 400 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है.

निकाय चुनाव पर सीएम योगी का नया नारा

## रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं किसी की बपौती

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विपक्ष की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि अब उपद्रव और माफिया नहीं बल्कि उत्सव और महोत्सव उत्तर प्रदेश की पहचान है. मां शाकंभरी और बाला सुंदरी की पवित्र भूमि सहारनपुर से सोमवार को नगर निकाय चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा में अपनी सरकार की सिलसिलेवार उपलब्धियां गिनायीं और रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं किसी की बपौती और आज यूपी में न कर्फ्यू न दंगा, आज यूपी में सब ओर चंगा जैसे नारे दिये.

योगी आदित्यनाथ ने कहा, अब उपद्रव नहीं, उत्सव हमारी पहचान है, माफिया नहीं, महोत्सव हमारी पहचान है. उन्होंने पिछली सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा, 2017 से पहले सरकारों को दंगा कराने से फुर्सत नहीं थी लेकिन आज उत्तर प्रदेश में कहीं कर्फ्यू नहीं लगता. अब तो कांवड़ यात्रा निकलती है. पहले नौजवानों पर झूठे मुकदमे होते थे. पहले शोहदों का आतंक रहता था और बेटियां घर से निकलने में डरती थी और आज उत्तर प्रदेश में भयमुक्त माहौल है. सीएम योगी ने कहा कि यह चुनाव डबल इंजन की सरकार के साथ तीसरे इंजन को



जोड़ने के लिए हो रहा है जिसमें नगर निगमों के महापौर, पार्षद, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्षों और सभासदों को कमल निशान पर मत देकर चुनाव जिताना है और जब बहुमत का उनका बोर्ड बनेगा तो दिल्ली से जो पैसा आएगा उसका सदुपयोग होगा. उन्होंने कहा, हमें तय करना है कि हमें 2017 के पहले की जातिवादी सरकारें चाहिए या फिर गरीब कल्याण के लिए समर्पित सरकार चाहिए. योगी ने कहा कि हमें तय करना होगा कि युवाओं के हाथ में तमंचे हों या युवाओं के हाथ में टैबलेट और स्मार्टफोन हो. हमें तय करना है कि गलियों में अपराधियों की गोलियों की तड़तड़ाहट होनी चाहिए या फिर भजन गंगा का प्रवाह सुनाकर लोगों के जीवन में परिवर्तन. आदित्यनाथ ने कहा, मां शाकंभरी का आशीर्वाद मिले, मैं इसलिए यहां से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर रहा हूं. हमने जाति, मजहब या किसी का चेहरा देखे बिना सभी तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सहारनपुर विकास की एक नई आभा के साथ देश और दुनिया के सामने चमकता हुआ दिखाई दे रहा है. उन्होंने सहारनपुर के लिए विकास योजनाओं को भी विस्तार से बताया.

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को गुजरात एटीएस ने ट्रांजिट रिमांड पर लिया

**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को गुजरात एटीएस ने ट्रांजिट रिमांड पर लिया है. इससे पहले आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लॉरेंस बिश्नोई को पटियाला हाउस अदालत के सामने पेश किया. जहां से लॉरेंस बिश्नोई को 22 मई तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा गया है. सोमवार (24 अप्रैल) लॉरेंस बिश्नोई की एनआईए मामले में 7 दिन की रिमांड खत्म हुई थी. वहीं गुजरात एटीएस ने भी सोमवार पटियाला हाउस अदालत में लॉरेंस बिश्नोई की ट्रांजिट रिमांड की एप्लीकेशन दायर की और अदालत को बताया कि वर्ष 2022 में गुजरात एटीएस ने गुजरात में भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई थी, जो पाकिस्तान से लाई गई थी.

### तीन दिवसीय कर्नाटक दौरे पर अमित शाह

**नई दिल्ली।** र्नाटक में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों का राज्य में चुनाव-प्रसार तेज है, इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार (24 अप्रैल) को कर्नाटक के मैसूर में श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में पहुंचकर पूजा-अर्चना की. इसके बाद अमित शाह ने कर्नाटक के चामराजनगर जिले के गुंडलूपेट में रोड शो किया. शाह



रविवार (23 अप्रैल) से अपने तीन दिवसीय दौरे पर कर्नाटक आए हैं. कर्नाटक एकमात्र दक्षिणी राज्य जहां भगवा पार्टी सत्ता में है, पार्टी राज्य में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए किसी तरह के प्रयासों से पीछे नहीं रहना चाहेगी. ऐसे में बीजेपी अपनी पूरी ताकत लगातार दूसरी बार सत्ता पर काबिज होने के लिए लगा रही है. इस बीच, गृह मंत्री ने कर्नाटक के मैसूरु में माता का दर्शन के बाद चामराजनगर जिले के गुंडलूपेट में रोड शो किया. बाद में वह हसन में रोड शो करेंगे. चुनाव अभियान के पुरजोर तैयारी में लगी भगवा पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा आज से कर्नाटक के तीन दिवसीय दौरे पर जाएंगे.

### हिज्बुल मुजाहिद्नी चीफ सैयद सलाहुद्दीन के बेटे की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार (24 अप्रैल) को श्रीनगर में हिज्बुल मुजाहिद्दीन (॥रू) चीफ सैयद सलाहुद्दीन के बेटे की संपत्ति कुर्क कर घर पर नोटिस चस्पा किया है. एनआईए का कहना है कि सैयद अहमद शकील को एक अन्य आरोपी एजाज अहमद भट से अमेरिका स्थित एक अंतरराष्ट्रीय वायर ट्रांसफर कंपनी के माध्यम से धन प्राप्त हुआ, जो लापता है और माना जाता है कि वह सऊदी अरब में है. एनआईए ने एक नोटिस जारी



किया है जिसमें कहा गया है कि अचल संपत्ति- सर्वे नंबर 1917/1566, 1567 और 1568 राजस्व एस्टेट, नर्सिंग गढ़, मोहल्ला राम बाग, श्रीनगर जम्मू और कश्मीर में सैयद अहमद शकील (सैयद यूसुफ के पुत्र) के स्वामित्व में है. शाह उर्फ सैयद सलाहुद्दीन, यूए (पी) अधिनियम, 1967 के तहत एक सूचीबद्ध आतंकवादी, विशेष एनआईए कोर्ट, नई दिल्ली के आदेश द्वारा गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम, 1967 की उप-धारा 33 (1) के तहत संलग्न है.

## सीएम शिवराज ने माना- ज्योतिरादित्य सिंधिया की वजह से मप्र में कांग्रेस की सरकार

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस बात को मानते हैं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण ही साल 2018 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी थी. यह बात अलग है कि अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया साथ मिलकर कांग्रेस से सीधा मुकाबला करेंगे. दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने उज्जैन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधते हुए बयान दिया गया था, ÷हे महाकाल! दूसरा ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस में पैदा ना हो÷. इस बयान का केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी पलटवार किया मगर पूरे मामले में जब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की एंट्री हो गई तो इसके सियासी मायने ही बदल गए. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बयान दिया कि साल 2018 में कांग्रेस ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के



नाम पर चुनाव लड़ा था, लेकिन जब मुख्यमंत्री बनने की घड़ी आई तो उस समय बुजुर्ग नेता कमलनाथ को आगे कर दिया. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जो भाव प्रकट किए वह पूरी तरह सिंधिया के पक्ष में हैं, लेकिन उनके शब्दों के अलग-अलग मतलब भी निकाले जा रहे हैं.

**बीजेपी की हार का कारण भी ज्योतिरादित्य सिंधिया**-राजनीति के जानकार मानते हैं कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी साल 2018 में हुई बीजेपी की हार के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया को ही जिम्मेदार मानते हैं. मतलब साफ है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी. हालांकि, सिंधिया के बीजेपी में शामिल होने के बाद अब मामा (शिवराज सिंह चौहान) और महाराज (ज्योतिरादित्य सिंधिया) एक साथ मिलकर कांग्रेस के राजा (दिग्विजय सिंह) का सीधा और कड़ा मुकाबला करेंगे.

**बीजेपी ने जारी किया था यह पोस्टर**-साल 2018 के चुनाव में बीजेपी ने भी ज्योतिरादित्य सिंधिया को सत्ता की राह में सबसे बड़ा रोड़ा मानते हुए उनके खिलाफ पोस्टर तक जारी किए थे. इस पोस्टर में लिखा गया था कि माफ करो महाराज, हमारे नेता शिवराज. हालांकि, बीजेपी में ज्योतिरादित्य सिंधिया की एंट्री के बाद मामा और महाराज एक साथ बीजेपी के पक्ष में आवाज बुलंद कर रहे हैं. जब दिग्विजय सिंह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर बयान दिया तो एक बार फिर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बयान पुरानी यादों को ताजा कर दिया.

### चित्रकोट वाटरफॉल परिसर में बार खोलने की योजना का हिंदू संगठनों ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में मौजूद विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चित्रकोट वाटरफॉल परिसर में स्थित दंडामी माफिया कॉटेज में बार खोलने की योजना का विरोध शुरू हो गया है. बीजेपी समेत हिंदू संगठनों ने यहां पर्यटकों को शराब परोसने की योजना पर आपत्ति जताते हुए इसका विरोध किया है. इस संबंध में बस्तर कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा गया है. हिंदू संगठनों के लोगों का कहना है कि चित्रकोट वाटरफॉल पर्यटन स्थल को राज्य सरकार ने रामवन गमन पथ से जोड़ रखा है. बकायदा वनवास के दौरान भगवान राम लक्ष्मण और माता सीता का यहां दंडकारण्य में आगमन हुआ था. इसके साक्ष्य भी मिल चुके



हैं. ऐसे में इस पवित्र स्थल में सरकार बार खोलने की सोच रही है, जो कि सरासर गलत है. हिंदू संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर यहां बार खोलने का विरोध किया है. इसके साथ ही इन लोगों ने चेतावनी दी है कि इस फैसले को वापस नहीं लिया गया, तो समाज और संस्था के लोगों की ओर से आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे. बीजेपी और हिंदू संगठन के लोगों का कहना है कि श्रीराम शोध संस्थान दिल्ली की ओर से छत्तीसगढ़ में शोध के बाद पाया गया है कि भगवान राम वनवास के दौरान सबसे ज्यादा समय छत्तीसगढ़ के बस्तर में गुजारे थे. रामवन गमन पथ मार्ग चित्रकोट, कोटमसर, रामपाल और दलपत सागर, बानसूर, सुकमा और इंजरम क्षेत्र में राम वन गमन के अवशेष भी पाए गए हैं.

## नीतीश कुमार और ममता बनर्जी की हुई मुलाकात

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले सभी विपक्षी दलों को एक करने में जुटे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार (24 अप्रैल) को कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात की. बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव भी इस बैठक में मौजूद रहे. इस बैठक के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने नीतीश जी से यही अनुरोध किया है कि जयप्रकाश जी का आंदोलन बिहार से हुआ था तो हम भी बिहार में ऑल पार्टी मीटिंग करें. हमें एक संदेश देना है कि हम सभी एक साथ हैं. उन्होंने कहा कि अगर विजन और मिशन साफ है तो हम साथ में लड़ेंगे, ये तय है. किस आधार पर होगा ये समय पर तय होगा. मैंने तो पहले ही कह दिया है कि मुझे इससे



कोई एतराज नहीं है. बीजेपी बहुत बड़ी हीरो बन गई है अब उसको जीरो बनाना है. हम साथ-साथ आगे बढ़ेंगे. हमारा कोई व्यक्तिगत अहंकार नहीं है, हम साथ मिलकर काम करना चाहते हैं.

नीतीश कुमार ने कहा कि जो सत्ता में हैं वे सिर्फ अपनी चर्चा करते हैं और कुछ नहीं, ये आजादी की लड़ाई है, हमे अलर्ट रहना है. ये लोग इतिहास बदल रहे हैं. अब पता नहीं, ये (बीजेपी) इतिहास बदल देंगे या क्या कर देंगे। सभी को सतर्क होना है इसलिए हम सभी के साथ बातचीत कर रहे हैं. हमारे बीच बहुत अच्छी बात हुई है. आवश्यकता अनुसार हम भविष्य में अन्य पार्टियों को साथ में लाकर बातचीत करेंगे. ममता जी के साथ बेहद सकारात्मक बातचीत हुई. बिहार के मुख्यमंत्री ने 2024 के लोकसभा चुनाव पर कहा कि विपक्षी दलों को एकसाथ बैठक रणनीति तैयार करने की जरूरत है. आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी दलों को साथ आना चाहिए. आगे जो भी होगा, देशहित में किया जाएगा. जो लोग अभी शासन कर रहे हैं, उनके पास करने के लिए कुछ नहीं है. ये सिर्फ अपना प्रचार कर रहे हैं. देश के विकास के लिए कुछ नहीं किया जा रहा.

# शिवपुरी पुलिस की अवैध रेत माफियाओं पर कार्यवाही, पुलिस थाना बदरवास ने पकड़ा अवैध रुप से रेत (बजरी) से भरा फार्मट्रैक ट्रैक्टर मय ट्राली

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले में रेत माफिया सट्टा, शराब माफिया, अवैध मादक पदार्थ, भूमफिया के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे तथा माफियाओं के खिलाफ जीरो टोरलेंस अपनाने के निर्देश दिये गये थे । उक्त निर्देश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया एवं एसडीओपी कोलारस श्री विजय यादव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 24/04/2023 को दोपहर को थाना बदरवास पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सालोन का लाखनसिंह गुर्जर अपने ट्रेक्टर फार्मट्रेक एमपी 33 एसी 4135 का अवैध रुप से रेत भरकर ले जा रहा है । उक्त सूचना पर से पुलिस द्वारा ग्राम सालोन छोटा भारका मंदिर के पास दबिस दी गई



तो एक फार्मट्रेक ट्रेक्टर ट्राली में रेत भरी पायी गयी । पुलिस को देखकर आरोपी ट्रेक्टर चालक भाग गया पुलिस द्वारा आसपास तलास किया तो कोई व्यक्ति नहीं मिला । आरोपी चालक द्वारा रेत अवैध रुप से चोरी से भरकर सिंध नदी से लाना पाया, पुलिस द्वारा ट्रेक्टर ट्राली को जप्त कर आरोपी चालक के विरूद्ध धारा 379 ता0हि0 4(ए) 21(1) खनिज अधिनियम 1957 के तहत अपराध क्रंमाक 130/23 धारा 379 ता0हि0 4(ए) 21(1) खनिज अधिनियम 1957 पंजीबद्ध किया गया है ।

**सराहनीय भूमिका रही** – निरीक्षक सुरेश शर्मा, सउनि बीएल जौहर, आर 877 दीपक शर्मा, आर 846 महेश पटेलिया, आर 643 शैतानसिह, आर 779 नेपालसिह, आर 89 रामसिह पटेलिया, आर 810 निर्मल।

# कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता नंदकिशोर शर्मा का दुखद निधन

**प्रतीश अग्रवाल, पुष्पांजलि टुडे**



मधुसूदनगढ़। कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व सरपंच नंदकिशोर शर्मा का 68 वर्ष की उम्र में दुखद निधन सोमवार को हो गया मधुसूदनगढ़ रामलीला में अपनी दमदार शख्सियत एवं आवाज के चलते रावण का जीवंत अभिनय इन्होंने बरसों बरस किया यह कुछ समय पूर्व एक कार दुर्घटना में घायल हो गए थे उसके पश्चात पूरी तरह से बेड पर थे सोमवार को उन्होंने भोपाल के हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली जैसे ही लोगों को यह दुखद सूचना मिली सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि का तांता लगने लगा साथ ही बड़ी संख्या में इनके मित्र सजातीय बंधु, रिश्तेदार इनके निवास पर पहुंचने लगे थे शाम चार बजे के दरमियान गुना रोड स्थित मुक्तिधाम पर इनके जेष्ठ पुत्र बसंत शर्मा ने इनको मुखाग्नि दी मुखाग्नि के पश्चात 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा गया इनकी अंत्येष्टि में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए आप पार्षद पति प्रदीप शर्मा के भी पिता थे । यह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए कांग्रेस पार्टी ने भी इसे पार्टी के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया ।

# पिछोर जनपद की पंचायत में पंचायती राज दिवस पर कराया गृह प्रवेशम

**राकेश परिहार पिछोर**



**पिछोर।** पिछोर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत गौचोनी में आज प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न कराया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के पीतम सिंह लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे मौके पर पहुंचे जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुष्पेंद्र व्यास द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माण कराए गए श्रीमती धनवंती जाटव के नवनिर्मित आवास का निरीक्षण किया फिर मौके पर हितग्राही और ग्रामीणों की उपस्थिति में कलश पूजन इत्यादि कर गृह प्रवेश कराया वही मुख्य अतिथि पीतम लोधी ने फीता काटकर हितग्राही को गृह प्रवेश कराया इस क्रम में पंचायती राज दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में एक विशेष ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें पंचायत के सतत विकास के 9 लक्ष्य पर चर्चा की गई तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऑनलाइन उद्बोधन को भी ग्रामीण व हितग्राहियों को सुनाया गया वहीं कार्यक्रम के अंत में सीईओ पुष्पेंद्र व्यास तथा भाजपा नेता पीतम लोधी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना आदि के बारे में जानकारी देते हुए चर्चा की बताया गया कि पंचायती राज दिवस के मौके पर जनपद पंचायत पिछोर की सभी पंचायतों में कुल मिलाकर एक हजार से अधिक आवासों का गृह प्रवेशम कराया गया कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक पीएमएवाईजी राकेश सेन पंचायत इंस्पेक्टर आर के टेंडर सरपंच श्रीमती विद्या लोधी तथा सहायक सचिव नरेश लोधी पंचायत सचिव पातीराम अहिरवार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## शिवपुरी पुलिस द्वारा यातायात सप्ताह का किया जा रहा आयोजन, पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर यातायात रथ को किया रवाना

# यातायत नियमों के पालन के लिये लोगों को करेगा जागरुक

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए शिवपुरी पुलिस द्वारा यातायात सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरुक बनाने के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंशी सिंह द्वारा समस्त अधिकारियों एवं यातायात थाना प्रभारी को यातायात सप्ताह के सफल आयोजन के निर्देश दिए एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरुक करने हेतु निर्देशित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात सप्ताह के तहत यातायात सुरक्षा के लिये काम कर रहे समस्त जुड़े संगठनों को अभियान में शामिल करने



बताया है जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को यातायात सप्ताह से जोड़ा जा सके । पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर योजना बद्ध तरीके से कार्यकरने के लिये बताया।

आज दिनांक 24.04.2023 को यातायात सप्ताह के पहले दिन पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा यातायात रथ को हरी झंडी देकर यातायात सप्ताह की शुरुआत की, जो शहर के मुख्य चौराहों पर घूम-घूम कर यातायात जागरूकता का प्रचार प्रसार करेगा । इसके बाद यातायात पुलिस द्वारा प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में जाकर बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी । शाम को यातायात पुलिस द्वारा शहर में यातायात नियमों का पालन कर रहे चालकों का फूल देकर सम्मान किया । आज लोगों को ज्यादा से ज्यादा समझाइश दी जाएगी उसके बाद यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ शिवपुरी पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई की जाएगी ।

# वैशाख माह में बांदकपुर धाम में उमड़ रही है भक्तों कि भीड़

**पुष्पांजलि टुडे**



दमोह। वैशाख माह के तीसरे सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु देव श्री जागेश्वर नाथ जी का जलाभिषेक करने बांदकपुरधाम पहुंच रहे है मंदिर ट्रस्ट कमेटी के प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक ने बताया कि वैशाख मे शिवजी पर जलाभिषेक करने का बहुत बड़ा महत्व है, वैशाख माह में जो भी भक्त भोलेनाथ जी का जलाभिषेक करते है एवं राहगीरों के साथ पशु पक्षियों के लिए जल कि व्यवस्था करता है उसकी समस्त मनोकामनायें पूर्ण होती हैं।

# पीएम आवास ग्रामीण अंतर्गत जिले में गृहप्रवेश कार्यक्रम सम्पन्न



**पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में 1739 आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम 24 अप्रेल 2023 को सम्पन्न हुआ। जिले स्तर का कार्यक्रम जिला पंचायत भिण्ड के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में भिण्ड-दतिया क्षेत्र की सांसद श्रीमती संध्या राय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र नरवरिया, अध्यक्ष जनपद पंचायत भिण्ड श्रीमती सरोज बघेल, सीईओ जिला पंचायत मनोज कुमार सरियाम, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आवासों के हितग्राही सम्मिलित हुए। इस अवसर पर रीवा जिले से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश के 4.11 लाख आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम एवं उद्बोधन का लाइव प्रसारण जिला पंचायत सभाकक्ष में देखा एवं सुना गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड मनोज कुमार सरियाम द्वारा जानकारी दी गई कि जिले की अन्य जनपद पंचायतों एवं समस्त ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री द्वारा गृह प्रवेश कार्यक्रम देखा एवं सुना गया।

# आम आदमी पार्टी पन्ना के पुनः यूथ विंग जिलाअध्यक्ष बने बृजभान पटेल

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**



पन्ना। आम आदमी पार्टी ने पूरे मध्यप्रदेश में जमीनी पकड़ बनानी शुरू कर दी है वहीं अब आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी भी बन चुकी है और विधानसभा चुनावों को देखते हुए पुरानी कार्यकारणी भंग कर दी गई थी उसके बाद पुनः मजबूत संगठन का गठन कर रही है आम आदमी पार्टी की पहली लिस्ट में मध्यप्रदेश में हजारों पदाधिकारियों की नियुक्तियां हो चुकी है और अब दूसरी लिस्ट आई है जिसमें ग्राम पुरैना विधानसभा गुनौर के निवासी बृजभान पटेल को पुनः आम आदमी पार्टी का यूथ विंग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति उनके कार्य और क्षमता एवम पार्टी के प्रति निष्ठा ईमानदारी एवम लगन को देखते हुए पुनः यह जववादारी सौंपी गई है श्री पटेल ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व के राष्ट्रीय एवम प्रदेश नेतृत्व तथा जिला संगठन का धन्यवाद एवम आभार व्यक्त किया है और अपनी नियुक्ति पर कहा कि पार्टी द्वारा मुझ पर भरोसा करके पुनः मुझे यूथ विंग जिलाअध्यक्ष की जवाबदारी सौंपी गई है में अपने कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवम ईमानदारी से करूंगा एवम जिलेभर के युवाओं को पार्टी से जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाने का सतत प्रयास करूंगा और पार्टी की जनहितैषी नीतियों और दिल्ली पंजाब में हो रहे जनहितैषी कार्यों को जनता तक प्रचार प्रसार करूंगा और शोषित पीड़ित गरीब बेसहारा मजदूर एवम किसान युवाओं के हकों की लड़ाई पार्टी के माध्यम से जमीनी स्तर पर उनके हक अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय दिलाने का भरकस प्रयास करूंगा। उनकी नियुक्ति पर जिले भर से पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं युवा नेताओं समाजसेवियों एवं उनके दोस्त रिश्तेदारों तथा संबंधियों द्वारा बड़ी संख्या पर बधाई शुभकामनाएं दी जा रही है।

# जिला स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम में जबेरा विधायक हुए सम्मिलित

## राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया

**पुष्पांजलि टुडे**



दमोह। विधानसभा जबेरा के जनपद तेंदूखेड़ा की ग्राम पंचायत नरगुवां में जिला स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना से बने पात्र हितग्राहियों के आवासों का जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने रिविन काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रीवा में चल रहे कार्यक्रम राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम वर्चुअली संबोधन को ग्रामीणजनों के साथ जबेरा विधायक एवं अतिथियों ने सुना व देखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना हैं कि हर गरीब का उसका पक्का मकान हो और हर घर पीने का पानी पहुंचे। उन्होंने कहा किसानों को प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि मिलने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री के द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा लाड़ली बहना योजना लागू की गई हैं। आप सभी बहनों इस योजना का लाभ अवश्य लें। 9 जून से बहनों के खाते में एक-एक हजार रुपए डालने का काम सरकार करेगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी ने कहा मोदी सरकार और मध्य प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास सभी पात्रों को आवास के साथ ही किसानों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा साल में 10 हजार रूपये दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा सरकार सभी के हित में काम कर रही है कार्यक्रम के पश्चात भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक ने क्षेत्रवासियों के साथ सहभोज किया।कार्यक्रम में पूर्व ऊर्जा राज्यमंत्री दशरथ सिंह, पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, गोविंद यादव, भारत सिंह, रश्मि साहू, अनीता सिंह, नर्मदा दुबे, बबीता पोर्ते, सीईओ जिला पंचायत अजय श्रीवास्तव, तेंदूखेड़ा जनपद सीईओ मनीष बागरी, सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहें ।

# पन्ना जिले में सीएम हेल्पलाइन की उड़ाई जा रही धज्जियां नहीं लेते कलेक्टर सहित जिले के अधिकारी संज्ञान

## वर्ष भर हो गए किंतु सीएम हेल्पलाइन शिकायत का आज तक नहीं किया जा रहा निराकरण जिससे मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की सीएम हेल्पलाइन योजना फेल होती दिख रही है

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजलि टुडे**

पन्ना- मैं आपको बता दूं कि पन्ना जिले की देवेंद्र नगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत गुखौर मैं पीएचई विभाग द्वारा नल जल योजना के तहत पाइप लाइन डाली जा रही है जिसमें आज दिनांक को लगभग 22 माह हो गए किंतु नल जल योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल सका क्योंकि पन्ना जिले की कलेक्टर महोदय से लेकर ग्राम पंचायत सचिव तक का पूरा खेल राजनैतिक है यह नहीं समझ में आता की 23 मई 2022 से लाइन की शिकायत क्रमांक 17706640 है जिसमें मोबाइल नंबर 6265 824411 है जिसकी शिकायत का निराकरण करने के लिए शिकायतकर्ता ने 23 मई 2022 को शिकायत की किंतु शिकायतकर्ता को पहले तो प्रत्येक विभाग घुमाया गया कभी जल मिशन तो कभी जल संसाधन विभाग कभी लोक यांत्रिकी विभाग फिर उसके बाद शिकायत को सही स्थान मिला और निराकरण के लिए एल1 अधिकारी प्राप्त हुए।

इस पश्चात 21 जून 2022 को ठेकेदार को सुधार कार्य करने हेतु पत्र जारी किया जाता है जिसका पत्र क्रमांक 1093 है जो 8 जून 2022 को जारी किया जा चुका था इस पश्चात ग्राम पंचायत अंतर्गत जो काम चल रहा है उसकी जांच नहीं की गई सीधे पत्र जारी कर दिया गया इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की जिले के अधिकारियों की मिलीभगत होती है अन्यथा यदि ऐसी बात नहीं है तो शिकायतकर्ता को लेकर निरीक्षण क्यों नहीं किया गया। इस पश्चात यही शिकायत शिकायतकर्ता की असंतुष्टि के आधार पर सहायक यंत्री को निर्देशित किया जाता है कि निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें यह 1 जुलाई 2022 को सीएम हेल्पलाइन में अपडेट किया जाता है और शिकायत को उच्च अधिकारी को भेज दिया जाता है अब शिकायत एल3 अधिकारी के पास पहुंच जाती है अब देखिए शिकायत का असली खेल अधिकारी महोदय समय सीमा में कार्यवाही ना करने की कार शिकायत को उच्च अधिकारी को प्रेषित की जाती है यह लिखकर अपडेट कर दिया गया किंतु 25 जुलाई 2022 को अब कार्यपालन यंत्री के पास शिकायत को भेजा जाता है पुनः जांच के लिए लेकिन शिकायतकर्ता को यह नहीं समझ में आता की जब एक बार निरीक्षण नहीं किया गया तो फिर पुनः जांच कर सत्यापन करने हेतु सीएम हेल्पलाइन में क्यों अपडेट किया गया यह बात समझ से परे है या फिर जिले की अधिकारी की मिलीभगत या फिर राजनीतिक दबाव। अब शिकायत को 13 जनवरी 2023 को एल4 अधिकारी श्री संजय कुमार अंधवान को प्रेषित की जाती है किंतु श्री संजय कुमार अंधवान जी द्वारा शिकायत को एल3 अधिकारी श्री महेन्द्रसिंह जी को प्रेषित की जाती है अभी तक किसी पर कार्यवाही नहीं की गई ना काम शुरू किया गया ग्रामीण उसी तरह खोदी गई सड़क से गुजरते रहे पानी की उसी तरह की समस्या बनी रहेगी बरसात में उसी कीचड़ से सभी लोग गुजरे किंतु प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया सिर्फ सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत को मजाक बनाया गया। अब शिकायत को भोपाल के पत्र क्रमांक 852 सीएम हेल्पलाइन 2022 के तहत पोर्टल को अपडेट किया जाता है साथ ही सहायक यंत्री उपयंत्री को कार्यालय के पत्र क्रमांक 175 के अनुसार 14 फरवरी 2023 को समाधान करने के लिए निर्देशित किया जाता है। इसके बाद सीएम हेल्पलाइन में ठेकेदार आशा कंस्ट्रक्शन को 19 अनुबंध के अंतर्गत जिले में कार्य लिए गए हैं किंतु लापरवाही बरतने एवं कार्य को धीमी गति से करने के कारण 4 अनुबंध निरस्त किए गए यह अपडेट किया जाता है और कोई कार्यवाही नहीं की जाती है और शिकायत को एल1 अधिकारी के पास पुनर्मूल्यांकन के लिए भेज दिया जाता है। इस प्रकार से पन्ना जिले में सीएम हेल्पलाइन का बड़े जोर शोर से ठेकेदार के साथ मिलकर सहायक यंत्री उपयंत्री एवं जिले की अधिकारी मिलकर काम करते हैं किंतु किसी पर कार्यवाही नहीं करते हैं इसका खामियाजा भले ही जनता को क्यों न भुगतना पड़े उससे इनको कोई फर्क नहीं पड़ता किंतु बता दें कि इस प्रकार पन्ना जिले में सीएम हेल्पलाइन की धज्जियां उड़ाना माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जो सबकी मामा कहे जाते हैं यदि इसमें संज्ञान ले ले तो ग्रामीण स्तर की समस्याएं शीघ्र हल हो सकती हैं।

# हर एक संस्था के कार्यों को नमनः गुलाबचंद कटारिया

### असम के राज्यपाल का नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन






**पुष्पाजंली टुडे**

बैंगलोर के पूर्वज भामाशाहो ने सेवा रूपी पौधे का जो बीजारोपण किया आज वो वटवृक्ष बनकर हजारो जरूरतमंदों को शीतलता का एहसास करा रहा है, ये उन दानवीरो की सोच का ही परिणाम है कि उनके मार्गदर्शन का अनुसरण करते हुए आज बैंगलुरु में सैकडो संस्थाये समाज के उत्थान, जीव दया एवं निःशक्तों की सेवा में अपना सर्वस्व दे रही है, मैं हर एक संस्था के कार्यों को नमन करता हूं। यह बात असम राज्य के महामहिम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने केजी रोड स्थित एफकेसीसीआई सभागार में समग्र जैन समाज द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में विभिन्न संघ-संस्थाओं के पदाधिकारियों से कही। उन्होंने कहा कि पद पर बैठे व्यक्ति की उसके पद से पहचान नही होकर उसके कार्यों से उसकी पहचान होनी चाहिये ताकि पद विच्छेद होने पर भी व्यक्ति की पहचान बनी रहे। राज्यपाल ने उपस्थित जन समूह से कहा कि पुण्य से प्राप्त लक्ष्मी का स्थायी निवास नही होता परंतु शुभ कार्यों में लक्ष्मी के सदुपयोग से पुनः लक्ष्मी के आगमन का द्वार खुलता है।अपने राजनैतिक जीवन के सफर को बताते हुए कटारिया ने कहा कि यह गुरु भगवंतों एवं परिवार से मिले संस्कारों का ही परिणाम है कि वो साधारण से परिवार से होते हुए भी अनेकों संवैधानिक पदो पर सेवाये देते हुए आज राज्यपाल जैसे गरिमामय पद तक पहुचें है इसलिये जीवन में अच्छे संस्कारों का बहुत महत्व होता है। उन्होंने अपने बचपन के अभाव भरे दिनों का भी जिक्र अभिनंदन समारोह में किया। ज्ञातव्य हो कि राज्यपाल बनने से पहले गुलाबचंद कटारिया ने राजस्थान सरकार में कई वर्षों तक शिक्षा मंत्री, पीडब्ल्यूडी मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, गृह मंत्री के रूप में अपने कार्यों का लोहा मनवाया। समग्र जैन समाज की ओर से आयोजित इस नागरिक अभिनंदन समारोह के संयोजक अशोक गजानन एवं विमल कटारिया के अनुसार हमारी मातृभूमि एवं जैन समाज के व्यक्ति का राज्यपाल के पद तक पहुचना समाज के लिये बड़े गौरव का विषय है तथा उस गौरव के प्रति समाज की जिम्मेदारी का निर्वाहन महामहिम गुलाबचंद कटारिया के सार्वजनिक अभिनंदन के रूप किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जैन समाज कि कुछ अग्रणी संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा महामहिम से समाज हित में रखे गये सुझावों पर राज्यपाल ने हर संभव अमल का भरोसा दिया नवकार महामंत्र स्मरण से प्रारंभ अभिनंदन समारोह में बैंगलुरु की समाज सेवी कई अग्रिम संस्थाओं के पदाधिकारियों ने असम के राज्यपाल का सत्कार किया तथा अशोक गजानन परिवार व विमल कटारिया परिवार ने विशेष सम्मान किया। समारोह में बोलते हुए आदिनाथ मूर्तिपूजक संघ के अध्यक्ष गौतम सोलंकी ने महामहिम को जैन समाज का रत्न बताया। कर्नाटक जैन कान्फ्रेंस के अध्यक्ष वसंत रांका ने राज्यपाल की साधु-साध्वी के प्रति निष्ठा एवं सेवा सुश्रुषा की सराहना की। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष कमल दुग्गड ने अभिनंदन के स्वरों में महामहिम के आने वाले समय में राष्ट्रपति पद तक पहुचने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर जीतो अपेक्स सलाहकार समिति अध्यक्ष तेजराज गुलेच्छा ने महामहिम को बताया कि बैंगलुरु जैन समाज में अर्थ विसर्जन की भावना बहुत प्रबल है उसी के फलस्वरूप यहा विशाल रूप में सेवा के कार्य होते है तथा कोविड जैसी वैश्विक महामारी में सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने जीतो की अतिमहत्वाकांक्षी योजना ÷जैन साधर्मिक भक्ति÷ का विवरण भी राज्यपाल को दिया।

अभिनंदन समारोह में भगवान महावीर हॉस्पीटल के महामंत्री पारस भंडारी ने महामहिम द्वारा अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर तपस्वियो को कराये पारने की प्रशंसा की तथा हॉस्पीटल की अतिविशाल योजना ÷कैंसर हॉस्पीटल रिसर्च केंद्र÷ निर्माण की जानकारी राज्यपाल को दी। जीतो बैंगलुरु नार्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने बैंगलुरु जीतो द्वारा संचालित विभिन्न जन हितेषी योजनाओं की संपूर्ण जानकारी राज्यपाल को दी तथा गत दिनों भगवान महावीर के संदेशों वाली अहिंसा रन का गिनीज़ बुक ओफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स÷ में अंकित होने की जानकारी भी दी। जैन युवा संगठन के अध्यक्ष दिनेश खीवेसरा ने बेंगलुरु जैन समाज को एक सूत्र में बांधने वाले महावीर जन्म कल्याणक आयोजन तथा संगठन के कार्यों का ब्योरा दिया। इस अवसर पर जैन समाज की अनेकों अग्रणी संस्थाओं के पदाधिकारियों के साथ जालोर के विधायक जोगेश्वर गर्ग तथा पोकरण के पूर्व विधायक शैतान सिंह भी उपस्थित थे। समारोह का संचालन विमल कटारिया ने किया। अभिनंदन समारोह को सफल बनाने में सभी ज्ञात-अज्ञात महानुभावों को धन्यवाद जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने दिया।



## मंडलम व सेक्टर विस्तार को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। जिला कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में मंडलम व सेक्टर विस्तार की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने बताया कि हर मंडलम स्तर पर जल्दी बैठक का आयोजन कर समीक्षा की जावेगी । श्री कुशवाहा ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में मंडलम / सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी श्रेष्ठ कार्य करने वाले मंडलम / सेक्टर अध्यक्षों को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी के द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा । श्री कुशवाहा ने बताया कि लगभग सभी ब्लाक, नगर, मंडलम, सेक्टर के अलावा मोर्चा, विभाग एवं प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी बन चुकी है, कुछ ने तो कार्यकारिणी घोषित कर दी है, शेष बची भी जल्द घोषित की जाएंगी।श्री कुशवाहा ने बताया कि अटेर, भिंड, मेहंगाव, गोहद, लहार के सभी विधानसभा में मंडलम व सेक्टर बी एल ए फार्म उपलब्ध करा दिए गए हैं श्री कुशवाहा ने कहा कि ब्लॉक अध्यक्षों को भी अवगत करा दिया गया है, कि अपनी ब्लाक कार्यकारिणी जल्दी घोषित करें। जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद ने मंडलम सेक्टर बी एल ए के संबंध में उपस्थित लोगों को जानकारी उपलब्ध कराई । जिला अध्यक्ष व संगठन मंत्री ने संयुक्त रूप से बताया कि समस्त विधानसभा में ब्लॉक अध्यक्ष के माध्यम से समीक्षा बैठक जल्द ही आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से योगेश कुमार कोषाध्यक्ष,श्यामू सिंह भदौरिया जिला उपाध्यक्ष, वीरेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष,जगत सिंह यादव गोरमी, श्यामू सिंह भदौरिया, विजय कुमार गोयल जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति,राकेश सिंह कुशवाहा मालनपुर, इसाक खान सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित हुए।

## अपराध नियंत्रण हेतु ग्रामों में भ्रमण तथा आकस्मिक चेकिंग से अपराधियों में मचा हड़कंप

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**

**मेहंगाव (भिण्ड)।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में एवं मेहंगाव एसडीओपी आर के एस राठौर के मार्गदर्शन में मेहंगाव थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शर्मा ने रात्रि में ग्राम देवरा,गितोर में पैदल मार्च किया जगह - जगह लोगो से मुलाकात कर ग्राम में होने वाली अपराधिक गतिविधियां की जानकारी ली,लोगो को अपराध से दूर रहने की हिदायत दी । मेहंगाव पुलिस को ग्राम देवरा से मिल रही थी बार - बार आपसी झगड़े की शिकायते, मौके पर जाकर आरोपियों को तलाशा और आरोपियों के परिजनों को अपराध से दूर रहने की समझाईश दी। मेहगांव कस्बे में अस्पताल परिसर, अनाज मंडी परिसर, भिंड गोरमी तिराहे पर की आकस्मिक चेकिंग,



अनावश्यक रूप से संदिग्ध हालात में बैठे लोगो की जांच कर समझाईश दी । हाट बाजार, मुख्य बाजार में भी पैदल मार्च किया गया। थाना मेहंगाव निरीक्षक रविंद्र शर्मा के साथी बल में सहायक उपनिरीक्षक अशोक तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक अजय गौतम, सहायक उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह गुर्जर, आरक्षकगण पदम, प्रदीप, अवनीश, दिनेश, अवधेश, हेमंत, मुनेश, रामकुमार साथ रहे।

# राजपुरोहित समाज ने संत खेतेश्वर महाराज का 111 वां जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू।** मैसूर रोड स्थित राजपुरोहित समाज भवन



परिसर में शनिवार को संत खेतेश्वर महाराज का 111 वां जन्मोत्सव धूम-धाम से मनाया। भवन में रात्री भजन संध्या का आयोजन किया गया । भवन में खेतेश्वर महाराज की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भजन गायक रतनसिंह राजपुरोहित व हेमंत जोशी एण्ड पार्टी की ओर से संत खेतेश्वर स्तुति में एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राजस्थान आहोर तहसील के विधायक छगनसिंह राजपुरोहित जैतारण तहसील के विधायक अविनाश गहलोत शैतानसिंह राडावास का संस्था के पदाधिकारीयों द्वारा माला साफा द्वारा स्वागत किया गया ।इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष नारायणसिंह राजपुरोहित सचिव शंकर सिंह राजपुरोहित, समाजसेवी महेंद्रसिंह राजपुरोहित बन्नूर, युवा संगठन के अध्यक्ष ढगलसिंह कोषाध्यक्ष भरतसिंह उपाध्यक्ष अजीत सिंह राजपुरोहित एवं कानसिंह राजपुरोहित, दीपू सिंह, कांतिलाल राजपुरोहित, अविनाश सिंह राजपुरोहित, बंशीलाल राजपुरोहित, ओमसिंह राजपुरोहित मोहराई, जय प्रकाश राजपुरोहित, घनश्याम सिंह, महेश सिंह, वीरसिंह सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## 5 वर्षो से अवैध शराब परिवहन के केश में फरार स्थाई वारंटी पुलिस की गिरफ्त में

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

मेहंगाव। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे जी,एसडीओपी मेहगांव आरकेएस राठौर द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है, इसी कड़ी में आज थाना मेहगांव पुलिस द्वारा अवैध शराब परिवहन में विगत 5 वर्ष से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को जेल रोड मेहगांव से मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया ।

**विशाल उर्फ सोनू पुत्र प्रमोद श्रीवास उम्र 26 साल निवासी ग्राम बरहद थाना मेहगांव जिला भिंड**-अवैध शराब के परिवहन व संग्रहड संबंधी अपराध क्रमांक 318/18 में आरोपी के विरुद्ध जारी था स्थाई वारंट वही अपराध क्रमांक 281/18 में न्यायालय द्वारा आरोपी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था । स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका थाना प्रभारी मेहगांव रविंद्र शर्मा ,सहायक उपनिरीक्षक रामप्रसाद, आरक्षक दिनेश मुद्गल, आरक्षक चालक रामकुमार गौतम ।

## खरगोन शहर के नये पुल के नीचे अज्ञात नवजात शिशु बच्चे का मृत्यु अवस्था में शव मिला

**मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन। आज सुबह खरगोन कोतवाली पुलिस को सुचना मिली की नये पुल के निचे नवजात शिशु बच्चे का शव मृत्यु अवस्था में पड़ा हुआ है मोके पर थाना कोतवाली पुलिस खरगोन उप निरीक्षक सब इंस्पेक्टर नरवर सिंह ठाकुर आरक्षक चमार सिंग कनासे आरक्षक रवि डावर घटना स्थल नये पुल के पास पहुंचे मोका स्पाट पर बारिकी से जांच की पंचनामा बनाकर कर लाश को अपने कब्जे में लेकर नगर पालिका खरगोन को सुचना दी गई ओर पिएम के लिए जिला अस्पताल खरगोन भेजा गया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई अज्ञात महिला की तलाश में जुटी खरगोन पुलिस।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों संघ की आज 7 दिनों से लगातार हड़ताल पर बैठे स्वास्थ्य सेवाओं पर पड रहा असर

**मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन। जिले के पुराने अस्पताल परिसर में एन, एम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के हड़ताल के सात दिन में 5 संविदा साथी कृमिक भुख हड़ताल पर हैं डाक्टर अमित परसाई नरेन्द्र जोशी डाक्टर परवेज खान सोनम यादव ष्द्धश पलक पारिक ष्द्धश कृमिक भुख हड़ताल पर हैं संघ की मांग है 5 जुन 2018 की संविदा कर्मचारियों की निति या 90 प्रतिशत नियमित कर्मचारी के बराबर वेतन की मांग करते हैं संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है की लाकडाऊन के समय पर भी सरकार का साथ दिया गया है विगत कई बार शासन प्रशासन को अवगत कराया गया था शासन हमारी जायज़ मांग को लेकर चर्चा करे ओर मांग को पुरी करें।

## रोड किनारे लगी आग, आग की चपेट में आने से जला सूखा पेड़, रोड पर गिरा 1 घंटा जाम रहा खंडवा- खरगोन मार्ग

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन। जिले के खंडवा-खरगोन मार्ग पर



रविवार शाम सड़क किनारे लगी आग की चपेट में आने से एक सूखा पेड़ जल गया। जिसका एक भाग जलते हुए बीच रोड पर जा गिरा। रोड के बीचो-बीच पेड़ गिरने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों का जाम लग गया। मार्ग पर गिरे पेड़ के कारण करीब एक घंटा मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। घटना की सूचना लोगों ने तत्काल डायल 100 को दी। सूचना मिलते ही बमनाला चौकी पर खड़ी डायल 100 सीधे मौके पर पहुंची। डायल 100 पर मौजूद आरक्षक अंतिम ने बताया कि मार्ग पर गिरे पेड़ के कारण वाहनों की कतार लगी थी। घटना खंडवा मार्ग पर ललनी-टेमरनी और बिलाली के बीच की है। मार्ग पर गिरे पेड़ को एक ट्रक की सहायता से थोड़ा हटाया गया। जिससे मार्ग पर खड़े वाहनों को धीरे-धीरे निकाला गया। डायल 100 पर मौजूद आरक्षक अंतिम ने बताया कि यह घटना शाम करीब 5ः30 से 6ः00 बजे की है। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना गोगावां थाने को दी। गोगावां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पेड़ को मार्ग से हटवाया। थाना प्रभारी प्रवीण आर्य ने बताया कि शाम 7ः30 बजे तक पेड़ को मार्ग से हटा दिया गया था और पूरी तरह आवागमन सुचारू करा दिया गया है। मार्ग में किसी भी प्रकार की कोई भी अवरोध नहीं है।

## सत्येंद्र सिंह भदौरिया (लवली) के आम आदमी की सदस्यता लेते ही मचा हड़कंप

**पुष्पांजली टुडे**





**ग्वालियर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र सिंह भदौरिया ने आम आदमी पार्टी के सरक्षक अरविन्द केजरीवाल एवं संदीप पाठक के नेतृत्व में दिल्ली में सदस्यता ली उसके बाद आज ग्वालियर में सत्येंद्र भदौरिया ओर अन्य लोगो का सुरेंद्र सिंह तोमर के घर पर माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस मोके पर मप्र प्रदेश उपाध्यक्ष मिनाक्षी तोमर ओर अ.भा. क्षत्रिय महासभा के राष्टीय सचिव छोटे सिंह भदौरिया इंद्रपाल तोमर गोपाल राजावत अलोक सिंह के साथ अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# भारत-चीन समझौते से खुलती आगे की राहें

चीनी सैनिकों की पूर्वी लद्दाख के इलाके में अपने पूर्व निर्धारित एवं मान्य स्थानों की ओर लौटने की सूचना निस्संदेह, तत्काल राहत देने वाली है। पिछले साल जून में गलवान घाटी में भारत के 20 जवानों की शहादत को कौन भारतीय भूल सकता है? तनाव इतना बढ़ गया था कि अगस्त-सितंबर में 45 साल बाद भारत-चीन सीमा पर गोलियां चलीं।

हालांकि इसकी पहली सूचना 10 फरवरी को चीन की ओर से ही आई। वहां के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव खत्म होने तथा सेना वापसी की औपचारिक जानकारी दी। किंतु भारत के लोगों के लिए इस पर विश्वास करना कठिन था क्योंकि इसके पहले कई बार सहमति होने के बावजूद चीन ने उसका पालन नहीं किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में सेनाओं के झड़प से पूर्व की स्थिति में जाने के समझौता होने की पुष्टि कर दी।



बहरहाल, रक्षा मंत्री का यह कहना सही है कि इस समझौते से भारत ने कुछ नहीं खोया है। हालांकि भारत में अब रक्षा-सीमा सुरक्षा सहित विदेश नीति को लेकर भी राजनीतिक दल अपने बयानों और प्रतिक्रियाओं में संयम नहीं बरतते। समझौते के बाद दोनों देशों की जो टुकड़ियां एक-दूसरे के एकदम करीब तैनात थीं वहां से पीछे हटते हुए पूर्व स्थिति में जाएंगी। पैंगोग झील इलाके में चीन अपनी सेना की टुकड़ियों को उत्तरी किनारे में फिंगर 8 के पूर्व की दिशा की तरफ रखेगा।

मई के पूर्व वर्षों से यही स्थिति थी। भारतीय सेना फिंगर 3 के पास स्थित स्थायी धन सिंह थापा पोस्ट पर आ जाएगी। पैंगोंग झील के दक्षिण किनारे से भी दोनों सेनाएं इसी तरह की कार्रवाई करेंगी। हां, इसके समय का खुलासा अभी नहीं हुआ है। इसी तरह चीन ने 2020 में दक्षिण किनारे पर जो भी निर्माण किए हैं, उन्हें हटाया जाएगा और पुरानी स्थिति कायम की जाएगी। दोनों देश पैंगोंग के उत्तरी इलाके पर पेट्रोलिंग को फिलहाल रोक देंगे। सीमा की गहरी समझ तथा चीन एवं भारत की सेनाओं की स्थिति को समझने वाले जानते हैं कि तत्काल इससे बेहतर समझौता नहीं हो सकता। कोई नहीं कहता कि चीन के साथ सीमा तो छोड़िए, वास्तविक नियंत्रण रेखा या एलएसी विवाद खत्म हो गया है। उस दिशा में यह पहला कदम है। रक्षा मंत्री ने भी अपने बयान में कहा कि एलएसी पर कुछ पुराने मसले बचे हुए हैं। आगे इस पर बात होगी। लेकिन अभी तो पूरा फोकस पूर्वी लद्दाख में चीन की धृष्टतापूर्ण कार्रवाइयों को खत्म कराने पर था और वही हुआ है। अगर चीनी सैनिक झील के उत्तरी तट पर फिंगर 8 के पूर्व की तरफ लौट जाएंगे तथा अप्रैल 2020 के बाद झील के उत्तरी और दक्षिणी तटों पर बनायी किसी भी संरचना को नष्ट कर देंगे तो फिर इसमें बचा क्या है? सच तो यह है कि चीन ने उत्तरी तट पर जो अग्रिम स्थिति यानी एडवांस पोजिशन हासिल की थी, उसे छोड़ेगा। तो फिर खोया किसने, इसका उत्तर आप आसानी से दे सकते हैं। वास्तव में गलवान की झड़प के बाद चीन ने बड़ी तादाद में इन इलाकों में जवानों को तैनात कर दिया था। हमने भी जबरदस्त तैनाती की और उसी का परिणाम है कि चीन को अपनी पूरी योजना बदलनी पड़ी है। सच तो यही है कि चीन कसमसाकर पीछे हटने को मजबूर हुआ है।

पूर्वी लद्दाख में आने वाली करीब 826 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा के लगभग बीच में पैंगोंग झील पड़ती है। 604 किलोमीटर क्षेत्र में फैली यह झील कहीं-कहीं 6 किलोमीटर तक चौड़ी भी है। इसमें सम्पूर्ण रेखांकन संभव नहीं नहीं। झील के दो-तिहाई हिस्से पर चीन का नियंत्रण है और शेष भारत के हिस्से आता है। यह एक वीरान दुर्गम पहाड़ियों वाला इलाका है, जिनके स्कंध निकले हुए हैं। इन्हें ही फिंगर एरिया कहा जाता है। ऐसे 8 फिंगर एरिया हैं, जहां भारत-चीन सेना की तैनाती है। भारत की नियंत्रण रेखा फिंगर 8 तक है लेकिन नियंत्रण फिंगर 4 तक ही रहा है। पिछले साल मई में फिंगर 5 एरिया में दोनों सेनाएं आमने-सामने आ गई थीं। चीन ने अप्रैल-मई से ही फिंगर 4 तक अपनी सेना को तैनात कर रखा था।

जिस तरह के प्रश्न भारत में उठ रहे हैं वैसे चीन में नहीं उठ सकते। प्रमुख देशों ने भी पूर्वी लद्दाख से लगी नियंत्रण रेखा पर चीन से निपटने में भारत की दृढ़ता का लोहा माना है। बातचीत में भी भारत ने स्पष्ट किया कि समस्याओं का समाधान तीन आधारों पर हो सकता है। एक, दोनों देश नियंत्रण रेखा को मानें और उसका आदर करें। दो, कोई भी देश वर्तमान स्थिति बदलने की एकतरफा कोशिश न करे। तथा तीन, दोनों देश सभी समझौतों को पूरी तरह मानें और पालन करें। चीन के साथ सीमा विवाद इतिहास की भूलों की देन है। आवश्यक है कि हम राजनीतिक मतभेदों को परे रखकर उसके लक्ष्य को समझते हुए अपनी रक्षा नीति के साथ कूटनीति की जवाबी तैयारियों और कार्रवाइयों के प्रति एकजुटता दिखाएं।

**संपादकीय**

## कारगर कानून वक्त की जरूरत

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हॉट्सएप द्वारा प्राइवेसी पॉलिसी में किये जा रहे मनमाने बदलाव के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कंपनी को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस एस. ए. बोबड़े की अध्यक्षता वाली पीठ ने दो टूक शब्दों में कहा कि ये आरोप चिंताजनक हैं कि उपभोक्ताओं के डेटा दूसरी कंपनियों के साथ शेयर किये जा रहे हैं। अदालत ने बल दिया कि व्यक्ति की निजता की रक्षा होनी चाहिए। साथ?ही यह कि निजता नीति में बदलाव के चलते लोगों में आशंका बलवती हुई है कि निजी जानकारी साझा किये जाने से उनकी निजता का हनन होता है। अदालत ने व्हॉट्सएप व फेसबुक के वकीलों को खरे-खरे शब्दों में कहा कि भले ही ये कंपनियां दो-तीन ट्रिलियन की हों, लेकिन आम आदमी को पैसे से ज्यादा अपनी निजता पसंद है, जिसकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। मुख्य न्यायाधीश ने कंपनी की सहयोगी कंपनी द्वारा कारोबारी हितों के लिये डेटा शेयरिंग की विसंगतियों की ओर ध्यान खींचा। दरअसल, विडंबना यह है कि भारत में अमेरिका व यूरोप की तरह सख्त डेटा प्रोटेक्शन कानून नहीं है, जिसका लाभ ये कंपनियां उठा रही हैं। हालांकि, कंपनी के भारतीय वकीलों की दलील थी कि यदि भारत में यूरोपीय देशों की तर्ज पर जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन्स अस्तित्व में आते हैं तो कंपनियां उनका पालन करेंगी। वहीं कोर्ट में सरकार की भी दलील थी कि कंपनियां यूजर्स की जानकारियां शेयर नहीं कर सकतीं। दरअसल, व्हॉट्सएप द्वारा थोपे जाने वाली सख्त प्राइवेसी पॉलिसी के खिलाफ इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन की ओर से शीर्ष अदालत में याचिका दायर करके आरोप लगाया गया था कि कंपनियां निजी फायदे के लिये बड़े पैमाने पर यूजर का डेटा शेयर कर रही हैं जो आम उपभोक्ता के लिये बेहद चिंता की बात है। साथ ही संगठन ने कंपनी द्वारा फेसबुक से उपभोक्ता के डेटा शेयर पर रोक लगाने की भी मांग की थी। एक अनुमान के अनुसार भारत में व्हॉट्सएप के चालीस करोड़ प्रयोक्ता हैं। भारत में बड़े उभरते बाजार और लचर साइबर कानूनों का फायदा उठाते हुए ये सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म नये कारोबार की संभावना तलाश रहे हैं। कहने को तो ये अमेरिकी कंपनियां मुफ्त में अपनी सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं, लेकिन अघोषित तौर पर यूजर को उत्पाद की तरह इस्तेमाल करना चाह रही हैं। कहा भी जाता है कि जब आप कोई सेवा मुफ्त में उपयोग करते हैं तो आपको एक उत्पाद के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। कमोबेश व्हॉट्सएप के मामले में भी ऐसा ही किया जा रहा है। विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्राजील और यूरोपीय संघ के देशों में सख्त साइबर कानून होने के कारण व्हॉट्सएप की निजता के मापदंड ऊंचे हैं। जबकि भारत जैसे विकासशील देशों में वह निजता के मापदंडों को कमतर कर रही है, जिसका देश में मुखर विरोध किया जा रहा है और यूजर ??सेवा के नये विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। दरअसल, भारत में पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल लंबित है। ऐसे में इसके कानून की शक्ल लेने से पहले व्हॉट्सएप अपनी नीति में बदलाव लाकर मौके का फायदा उठाना चाह रहा है। दरअसल, डेटा प्रोटेक्शन बिल में कई कड़े और प्रगतिशील प्रावधान हैं, जिससे लोगों की निजी जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी। जिसमें नियमों के उल्लंघन पर मुआवजे और सजा का प्रावधान भी है। ऐसे में बिल पास हो जाने की स्थिति में व्हॉट्सएप के इन प्रस्तावित बदलावों के अस्तित्व में आने पर नये कानून का नियंत्रण प्रभावी नहीं हो पायेगा। इसके लागू होने से पहले ही व्हॉट्सएप यूजर का निजी डेटा जमा करके उसे शेयर कर चुका होगा जो हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। निस्संदेह बदलते वक्त के साथ साइबर व तकनीक से जुड़े कानूनों की समीक्षा करके इन्हें धारदार बनाया जाना चाहिए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि निजता का अधिकार प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। यही वजह है कि व्हॉट्सएप की नयी निजता पॉलिसी को खतरे की घंटी बताया जा रहा है।

## कारगर रणनीति से होगा मुकाबला

**हमारे देश में सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि लोगों को भूकंप के बारे में बहुत कम जानकारी है। फिर हम भूकंप को दृष्टिगत रखते हुए विकास भी नहीं कर रहे हैं। बल्कि अंधाधुंध विकास की दौड़ में बेतहाशा भागे ही चले जा रहे हैं। दरअसल हमारे यहां सबसे अधिक संवेदनशील जोन में देश का हिमालयी क्षेत्र आता है। हिन्दूकुश का इलाका, हिमालय की ऊंचाई वाला और जोशीमठ से ऊपर वाला हिस्सा, उत्तर-पूर्व में शिलांग तक धारचूला से जाने वाला, कश्मीर का और कच्छ व रण का इलाका भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन-5 में आते हैं। इसके अलावा देश की राजधानी दिल्ली, जम्मू और महाराष्ट्र तक का देश का काफी बड़ा हिस्सा भूकंपीय जोन-4 में आता है। देखा जाये तो भुज, लातूर और उत्तरकाशी में आए भूकंप के बाद यह आशा बंधी थी कि सरकार इस बारे में अतिशीघ्र ठोस रणनीति बनाएगी, मगर ऐसा हुआ नहीं।**

बीती 12 फरवरी को रात्रि ताजिकिस्तान में आये 6.3 रिएक्टर स्केल और अमृतसर में ठीक उसके 3 मिनट बाद 6.1 रिएक्टर स्केल के भूकंप से कोई जन-धन के नुकसान की सूचना नहीं है। ताजिकिस्तान में जमीन के अंदर 80 किलोमीटर इस भूकंप का केन्द्र बताया जा रहा है। उत्तर भारत के हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, चंडीगढ़, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, नोएडा सहित राजधानी दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किए गए। कहीं मकान की दीवारों में दरारें आने की खबरें हैं तो कहीं छत चटकने की।

गौरतलब है कि बीते साल 12-13 अप्रैल, 3 मई, 10 मई, 15 मई, 28-29 मई के बीच भी देश की राजधानी दिल्ली में तकरीबन 18 भूकंप के झटके महसूस किये गए थे। उस समय दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भूकंप से बचाव हेतु एक जागरूकता अभियान भी चलाया था। इससे पहले 24 सितम्बर 2019 को पाक अधिकृत कश्मीर में आये 5.8 रिएक्टर पैमाने के भूकंप से भारी तबाही हुई थी। भूकंप से इस बार ताजिकिस्तान या भारत में भले ही जानमाल का नुकसान न हुआ हो लेकिन इतना तय है कि भारत में भूकंप के खतरे से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता।



भले दावे कुछ भी किये जायें, असलियत यह है कि भूकंप के खतरे से निपटने की तैयारी में हम बहुत पीछे हैं। यह कटु सत्य है कि मानव आज भी भूकंप की भविष्यवाणी कर पाने में नाकाम है। अर्थात भूकंप को हम रोक नहीं सकते लेकिन जापान की तरह उससे बचने के प्रयास तो कर ही सकते हैं। जरूरी है हम उससे जीने का तरीका सीखें।

हमारे देश में सबसे बड़ी विडम्बना यह है कि लोगों को भूकंप के बारे में बहुत कम जानकारी है। फिर हम भूकंप को दृष्टिगत रखते हुए विकास भी नहीं कर रहे हैं। बल्कि अंधाधुंध विकास की दौड़ में बेतहाशा भागे ही चले जा रहे हैं। दरअसल हमारे यहां सबसे अधिक संवेदनशील जोन में देश का हिमालयी क्षेत्र आता है। हिन्दूकुश का इलाका, हिमालय की ऊंचाई वाला और जोशीमठ से ऊपर वाला हिस्सा, उत्तर-पूर्व में शिलांग तक धारचूला से जाने वाला, कश्मीर का और कच्छ व रण का इलाका भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन-5 में आते हैं। इसके अलावा देश की राजधानी दिल्ली, जम्मू और महाराष्ट्र तक का देश का काफी बड़ा हिस्सा भूकंपीय जोन-4 में आता है। देखा जाये तो भुज, लातूर और उत्तरकाशी में आए भूकंप के बाद यह आशा बंधी थी कि सरकार इस बारे में अतिशीघ्र ठोस रणनीति बनाएगी, मगर ऐसा हुआ नहीं। देश की राजधानी दिल्ली सहित सभी महानगरों में गगनचुम्बी बहुमंजिली इमारतों, अट्टालिकाओं की शृंखला शुरू हुई, जिसके चलते आज शहर-महानगरों-राजधानियों और देश की राजधानी में कंक्रीट की आसमान छूती मीनारें ही मीनारें दिखाई देती है। यह सब बीते पंद्रह-बीस सालों के ही विकास का नतीजा है। जाहिर सी बात है कि इनमें से दो प्रतिशत ही भूकंपरोधी तकनीक से बनायी गई हैं। यही बहुमंजिली आवासीय इमारतें भूकंप आने की स्थिति में भारी तबाही का कारण बनेंगी।

हमारे यहां अशिक्षा, गरीबी, भुखमरी, बढ़ती आबादी के कारण अनेक समस्यायें हैं। आधुनिक निर्माण सम्बंधी जानकारी, जागरूकता व जरूरी कार्यकुशलता का अभाव है, इससे जनजीवन की हानि का जोखिम और बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में पुराने मकान तोड़े तो नहीं जा सकते लेकिन भूकंप संभावित क्षेत्रों में नये मकानों को हल्की सामग्री से बना तो सकते हैं। इसमें मात्र 5 फीसदी ही अधिक धन खर्च होगा। हमें संकट के समय खतरों के बारे में जानना व उसके लिए तैयार रहना चाहिए। इस बात का ध्यान रखें कि देश ही नहीं, दुनिया में संयुक्त राष्ट्र के नियमों के मुताबिक बचाव नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है और देशवासी मौत के मुहाने पर खड़े हैं। इसलिए उन्हें खुद कुछ करना होगा। सरकार के बूते कुछ नहीं होने वाला, तभी भूकंप के साये से कुछ हद तक खुद को बचा सकेंगे। स्थिति की चुनौती को सरकार खुद स्वीकार भी कर चुकी है।

निष्कर्ष यह कि भूकंप से बचा जा सकता है लेकिन इसके लिए समाज, सरकार, वैज्ञानिक और आम जनता सबको प्रयास करने होंगे। जहां तक सरकार का सवाल है, उसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट के भूकंप से बचाव के प्रस्ताव पर अमल करने में अब देरी नहीं करनी चाहिए। यह समय की मांग है।

## बड़ी लकीर खींचने की हो राजनीति

महाभारत में एक प्रसंग आता है। पांडव वनवास भोग रहे थे और तभी गंधर्वों ने धृतराष्ट्र-पुत्र दुर्योधन को बंदी बना लिया। तब युधिष्ठिर में अपने छोटे भाई अर्जुन से कहा था कि वह दुर्योधन की सहायता के लिए जाये। अर्जुन को कुछ अटपटा लगा था आखिर कौरवों की मदद क्यों की जाये! तब युधिष्ठिर कहते हैं, %आज भले ही हम आपस में झगड़ रहे हैं और पांच और सौ हैं, पर बाहर वालों के लिए हम एक सौ पांच हैं! आज इस प्रसंग की याद दिला कर यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को देश के बाहर भारत सरकार की आलोचना नहीं करनी चाहिए। असल में पिछले दिनों राहुल गांधी को इंग्लैंड के कैंब्रिज विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया था जहां उन्होंने भारत की वर्तमान स्थिति के बारे में भाषण दिया था। फिर ब्रिटिश संसद में भी उन्हें बुलाया गया और वहां भी उन्होंने कुल मिलाकर वही सब दुहराया जो कैंब्रिज विश्वविद्यालय में कहा था। %वही सब% अर्थात भारत में जनतंत्र के लिए उत्पन्न %खतरों% की गाथा। देखा जाये तो इस गाथा में ऐसा कुछ नया नहीं था जो राहुल गांधी ने देश की संसद में, और देश की सड़कों पर नहीं कहा है। अपनी %भारत जोड़ो यात्रा% के दौरान भी राहुल कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक इस बात को दुहराते रहे हैं कि देश की सरकार जनतांत्रिक मूल्यों और आदर्शों को अंगूठा दिखा रही है, विपक्ष को अपनी बात कहने का मौका नहीं दिया जा रहा, देश की स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है आदि। यही सब उन्होंने ब्रिटेन-यात्रा के दौरान भी कहा है। फिर इस पर आपत्ति क्यों?भारतीय जनता पार्टी की सरकार और पार्टी, दोनों को आपत्ति यह है कि विदेश में जाकर इस तरह की आलोचना देशहित में नहीं है! इसके जवाब में कांग्रेस पार्टी की ओर से दो बातें कही गयी हैं- एक तो यह कि सरकार देश नहीं होती, सरकार की आलोचना देश की बुराई करना नहीं होती और दूसरी यह कि यदि ऐसा करना अपराध है तो हमारे प्रधानमंत्री स्वयं अमेरिका, जर्मनी जैसे देशों में जाकर पिछली सरकारों और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बारे में प्रतिकूल भी कहते रहे हैं। यही नहीं, प्रधानमंत्री पिछले आठ-दस साल में हर मंच पर यह कहते रहे हैं कि 75 साल में देश में कोई विकास नहीं हुआ, देश का असली विकास वर्ष 2014 से ही शुरू हुआ है। यह सच है कि राहुल गांधी ने देश के बाहर जाकर देश की सरकार के काम की, काम के तरीकों की, आलोचना की है, लेकिन सच यह भी है कि ऐसी ही बातें पिछली सरकारों के बारे में प्रधानमंत्री मोदी भी कहते रहे हैं। यदि कुछ गलत कहा गया है, तो ऐसा दोनों ने किया है। पर सच तो यह है कि यह अपराध नहीं है -खासकर इक्कीसवीं सदी में जबकि दुनिया इतनी छोटी हो गयी है कि देशों के बीच दीवारों का कोई मतलब नहीं रह गया है। ये दीवारें इतनी पतली हैं कि कमरों के भीतर बैठकर कुछ कहने और कमरों के बाहर उसी बात को दुहराने में कोई अंतर नहीं है। बहरहाल, कैंब्रिज विश्वविद्यालय में, और ब्रिटेन की संसद में भी राहुल गांधी ने जो कुछ कहा है, उसे ग़लत न मानते हुए भी इतना तो कहा जा सकता है कि इस मौके पर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी से कुछ बेहतर कर सकते थे। उदाहरण के लिए यह मौका था जब वे देश की वर्तमान सरकार की रीति-नीति की खामियों को सामने लाने के साथ-साथ अपनी पार्टी कांग्रेस की ओर से एक वैकल्पिक व्यवस्था सामने रखते। बताते कि उनकी पार्टी यदि फिर से सत्ता में आती है तो देश की बेहतरी के लिए किन नीतियों के अनुसार काम करेंगे। राजनीतिक दलों का दायित्व बनता है कि वे विरोधी की रीति-नीति की आलोचना करें, उसकी कमियां उजागर करें।

## रग-रग में समाया था हरियाणवी अनुराग

तमाम छोटी-बड़ी हिंदी फिल्मों से जुड़े रहे निर्माता-निर्देशक, पटकथा लेखक-अभिनेता सतीश कौशिक के जीवन के इतने आयाम हैं कि एक व्यक्ति में उनका होना किसी अचरज से कम नहीं है। यही वजह है कि उनके असामयिक निधन से सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं, पूरा देश स्तब्ध है। वहीं दूसरी ओर हरियाणा प्रदेश, खासकर अहीरवाल क्षेत्र तथा विशेष रूप से उनके पैतृक गांव के लिये तो यह बड़ी क्षति है। हालांकि प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अलावा सोशल मीडिया पर भी उनकी जन्मभूमि महेंद्रगढ़ जिले के गांव धनौंदा की विशेष चर्चा नहीं हुई। लेकिन इस छोटे से गांव से निकलकर बॉलीवुड में पैर जमाना कोई आसान नहीं था।?इसे उनके संघर्ष की गाथा का प्रमाण ही कहा जा सकता है। बृहस्पतिवार को जैसे ही एनएसडी से उनके बैचमेट रहे फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने अपने ट्विटर हैंडल से उनके निधन की जानकारी दी, उनके प्रशंसकों, गांव व परिवार के लोगों को गहरा दुख हुआ। इसी बीच मीडियाकर्मियों का उनकी जन्मस्थली धनौंदा गांव पहुंचने का सिलसिला भी दिनभर जारी रहा। जहां उनके चचेरे भाई के परिवार के सदस्य उनके जीवन से जुड़ी दुर्लभ जानकारियां मीडियाकर्मियों को देते नजर आये। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल, 1956 को हरियाणा प्रदेश के महेंद्रगढ़ जिले में स्थित धनौंदा गांव में सतीश कौशिक का जन्म हुआ। एक सामान्य परिवार में पिता बनवारी लाल कौशिक तथा माता बसंती के घर जन्मे बालक सतीश की प्राथमिक शिक्षा गांव में हुई। कालांतर साल 1972 में किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली से स्नातक डिग्री हासिल करने तथा फिर एनएसडीसी में अपनी रंगमंचीय प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला। बॉलीवुड में लंबे संघर्ष के बाद उन्हें मिस्टर इंडिया के 'कैलेंडर' किरदार के रूप में पहली बार बड़ी पहचान मिली।

# गोरमी पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह को किया गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने की प्रेस कांफ्रेंस, पकड़े गए चोर लूट की बारदात करने की नियत से घात लगाकर बैठे थे

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। रात्रि में लगभग 1 बजे सूचना प्राप्त हुई कि कुछ अज्ञात हथियार बंद व्यक्ति नरवरिया पेट्रोल पम्प लूटने की नियत से रामनाथ कॉलेज के पीछे अंधेरे में बैठकर योजना बना रहे है. उक्त सूचना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं एसडीओपी मेहगांव



आर. के. एस. राठौर के निर्देशन में थाना प्रभारी गोरमी को टीम गठित कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी गोरमी ने समस्त पुलिस फोर्स को थाना पर बुलाकर तीन टीम गठित कर दिशा निर्देश देकर मुखबिर के बताये स्थान रामनाथ कॉलेज के पीछे पहुँचे जहाँ उचित दूरी से सूचना की तस्दीक की तो रामनाथ कॉलेज के पीछे अधेरे में 4 - 5 हथियार बंद बदमाश आपस में नरवरिया पेट्रोल पम्प लूटने की बातचीत कर रहे थे पूर्व से निर्धारित संकेत से तीनो पार्टीयों को सकैत करके उक्त बदमाशों को घेरा बंदी कर चार व्यक्तियो को पकड़ा एक व्यक्ति अधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पकडे हुये व्यक्तियों से उनके नाम व पता पूछे तो उन्होने भिण्ड व उत्तर प्रदेश का होना बताया तथा जो व्यक्ति भाग गया वह भी भिण्ड का होना बताया उनकी तलाशी के दौरान दो 315 बोर के देशी कट्टे व चार जिंदा राउण्ड,एक धारदार धारिया, एक सरोता (ताला काटने में उपयोग करते हैं) व एक नुकीला सब्बल जिससे मकान की दीवाल तोडते है मिला जिसे विधिवत जप्त किया गया। उक्त चारों आरोपीयों को धारा 399,400,402 भादवि 25 (1- ड्ड) (ड्ड) आर्म्स एक्ट 11/13 एमपीडीपीके एक्ट में गिरफ्तार कर थाना पर लाकर अपक्र0 115/23 कायम किया गया। उक्त आरोपीयों से जप्त एक सरोता (ताला काटने में उपयोग करते है) व एक नुकीला सव्वल जिससे मकान की दीवाल तोड़ते थे, उक्त के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की तो उन्होने पूछताछ के दौरान दिनांक 16/03/23 को ग्राम परोसा थाना गोरमी में सरोते से ताला काटकर चोरी की थी जिसमे सोने चाँदी के आभूषण मिले थे जो थाना हाजा पर फरियादी नरेश पुत्र अतिबल सिंह भदौरिया नि0 परोसा द्वारा अप .क्र. 79/23 धारा 457, 380 भादवि. का कायम किया गया तथा इसी तरह उक्त चार आरोपीयो द्वारा दिनांक 16/04/23 को ग्राम तुन्हाड में मकान की पीछे से दीवाल तोडकर मकान में घुसकर चोरी की थी जिसमें सोने चाँदी के आभूषण मिले थे जो थाना हाजा पर फरियादी रामलक्षिन बघेल पुत्र रतीराम बघेल नि0 ग्राम नुन्हाड गोरमी की रिपोर्ट पर से अपराध क्र. 107/23 धारा 457, 380 भादवि. का कायम किया गया। उक्त दोनो चोरीयो के संबंध में चारों आरोपीयो से पृथक - पृथक पूछताछ कर उनकी निशादेही पर चोरी किये हुये सोने चाँदी के आभूषण विधिवत जप्त किये गये आरोपीयो का पुलिस रिमाण्ड लिया जाकर अन्य चोरियों के सम्बंध में पूछताछ किया जाना है,तथा अन्य चोरीयो के खुलने की पूर्ण सम्भावना है,उक्त आरोपियों का मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश में आपराधिक रिकार्ड है।

**जप्त माल मशरूका** – दो 315 बोर के देशी कट्टा, चार 315 बोर के जिंदा राउण्ड,एक सरोता (लाला काटने वाला),एक धारदार धारिया, एक नुकीला लोहे का छोटा सब्बल,सोने की चार चुंडी, सोने के एक जोडी बाला,सोने की एक जोडी झुमकी,सोने के दो मंगलसूत्र,सोने की दो मंचली, सोने की तीन अगूंठी, चाँदी की दो पायल,चाँदी की दो करधनी,दो मोटर साईकिल ।

**सराहनीय भूमिका** – थाना गोरमी निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक सुधाकर तोमर, उपनिरीक्षक मनीराम नादिर, सहायक उपनिरीक्षक देवेन्द्र सिंह भदौरिया, सहायक उपनिरीक्षक दीपक तोमर,प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह,प्रधान आरक्षक मनीष सिहं, आरक्षक पकंज शुक्ला, आरक्षक शेर सिहं, आरक्षक मुनेश सिंह, आरक्षक शिवकुमार तोमर, आरक्षक सौरभ शर्मा, महिला आरक्षक कुंती तोमर ।

## शासकीय खरीदी केंद्रों के पास भूषा के टाल हटवाने को लेकर तेजस समाज सेवा समिति ने दिया ज्ञापन



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर, अभिषेक कुशवाह**

निजी वेयरहाउस पर हुई आगजनी की घटना के बाद तेजस समाज सेवा समिति के द्वारा सोमवार अनुविभागीय अधिकारी के नाम एक ज्ञापन दिया गया जिसमे समिति ने निजी वेयरहाउसिंग से जहां पर शासकीय खरीदी चल रही है उन शासकीय खरीदी केंद्र के प्रांगण से भूसे के टाल को अन्य दूसरे स्थानों पर शिफ्ट करने के की मांग की।

# कोंच रोड पर लगा हाईमास्क पोल टूटा, दो मोटरसाइकिल आई चपेट में,14 दिन पहले की थी शिकायत नप ने नहीं दिया ध्यान





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। दबोह के मुख्य बाजार कोंच रोड पर नगर को जगमगाती रोशनी से जगमग करने वाला हाईमास्क लाइट का विधुत पोल सोमवार दोपहर को टूट गया।जिससे उसी के पास खड़ी दो मोटरसाइकिल महेश कुमार पुत्र रामदास दौहरे गाड़ी नम्बर स्स्क302641 निवासी पीपरी थाना दबोह व नीरज जाटव पुत्र विद्याराम गाड़ी नम्बर 0384 निवासी सोहन थाना पण्डोखर की गाड़ी उसकी चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई।आपको बता दें कि वर्षो पहले नगर में प्रमुख जगह को चिन्हित कर नगर को जगमग करने के लिए हाईमास्क लाईट लगवाई गई थी जिनमे से कोंच रोड पर लगा हाईमास्क पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गया।आपको बता दें कि 10 अप्रैल को कोंच रोड निवासी ब्रजबिहारी सोनी ने हाईमास्क पोल के सड़ जाने की वजह से पोल को निकलवाने की मांग की थी परंतु 14 दिन तक नगर परिषद ने कोई सक्रियता नही दिखाई जिसके बाद सोमवार को लोहे का पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गया।

**पुराने पोल को ही डेंटिंग पेंटिंग कर पुनः लगाने में जुटी नप**–आपको बता दें कि नगर परिषद द्वारा लगाए गए लोहे के इस हाईमास्क विधुत पोल को वर्षो हो गए और सोमवार यह इतना बड़ा हादसा होते होते टल गया फिर भी नगर परिषद दबोह पुनः उसी विधुत पोल की डेंटिंग पेंटिंग कर उसे लगाने की तैयारी में जुट गई है।आपको बता दें कि कोंच रोड नगर का प्रमुख तिराहा है जहां पर सब्जी मंडी,फल मंडी के ठेले लगते हैं साथ ही दिनभर भारी मात्रा में भीड़ रहती है फिर भी नगर परिषद ने पहले शिकायत के बाद कोई सक्रियता नही दिखाई और अब पुनः पुराने पोल को ही लगाने में जुटी है।जिससे कोंच रोड वासियो द्वारा भविष्य में बड़े हादसे की आशंका जताई जा रही है।

# एक कैमरा शहर के नामः एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान

## भिण्ड पुलिस द्वारा जनहित में जारी

**पंकज त्रिपाठी, पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जिले वासियों से अपील करते हुए कहा है, कि एक कैमरा शहर के नाम लगाए एवं दूसरों को भी कैमरा लगाने के लिए कहे। एसपी श्री चौहान ने कहा कि पुलिस हमेशा आपकी सुरक्षा करने में तत्पर तैयार रहती है,ऐसे में सीसीटीवी कैमरे जितने अधिक जगहों पर लगेगे तो निश्चित ही अपराध पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी व अपराधियों को तुरंत पकड़ने में भी बहुत बड़ी मदद मिलेगी। श्री चौहान ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं लगवाने में जो लोग बड़चड़ रुचि लेंगे उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस की देश भक्ति जनसेवा आपको अवगत है, कि आज के आधुनिक दौर में इलेक्ट्रानिक सर्विलांस से छोटी-बड़ी घटनाओं के अनावरण में अहम भूमिका रहती है। आपमें से बहुत से जनपदवासी सुरक्षा के दृष्टिकोण से ही अपनी दुकान/ घर/ प्रतिष्ठान इत्यादि पर कैमरा लगाये हुये हैं। आप मौजूदा तंत्र में एक कैमरा शहर के नाम जुड़वायें, जो आपके दुकानों/ घर/ प्रतिष्ठानों इत्यादि के बाहर लगा हो तथा सड़क/गली की तरफ कैमरे का मुख हो और कैमरे को हमेशा ऑन रखा जाये, ताकि पुलिस को सहयोग मिलता रहे। श्री चौहान ने अपील में कहा कि मुझे उम्मीद ही नही पूर्ण विश्वास है,कि आप लोग पुलिस की इस पहल में पूर्ण सहयोग करेंगें ।

# दबोह कस्बे के वार्ड 02 यसोदा मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर धर्मप्रेमियों की बैठक सम्पन्न

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। दबोह नगर के वार्ड नंबर दो में यशोदा माता मंदिर पर चल रहे निर्माण कार्य को लेकर धर्म प्रेमियों की बैठक आयोजित की गई।यहां बता दें कि यशोदा



माता मंदिर की स्थापना लगभग 200 वर्ष पूर्व की गई थी और समूचे क्षेत्र में यह मंदिर आस्था का केंद्र माना जाता है।उसके बाद मंदिर के निर्माण को लेकर वार्डवासी,नगर वासियों के सहयोग से लगातार मंदिर का निर्माण चल रहा है।यशोदा माता मंदिर परिसर में 01 मई से 03 मई तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होना सुनिश्चित किया गया है।जिसके चलते धर्म प्रेमियों द्वारा बताया गया गया कि 01 मई को शोभा यात्रा कलश पूजन होगा।वहीं 2 मई को पूजा अर्चना अन्न सयन किया जाएगा।03 मई को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।जिसके लिए सोमवार को नगर के प्रबुद्ध जनों धर्म प्रेमियों लोगों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।होने जा रहे धार्मिक कार्यक्रम के लिए लोगो को जिम्मेदारियां सौंपी गई।मां यसोदा सेवा समिति दबोह के सदस्य भगवान नायक,बृजबिहारी गुप्ता ने प्रेस को बताया की सभी धर्मप्रेमियों के सहयोग से मंदिर का भव्य निर्माण किया जा रहा है साथ ही धार्मिक आयोजन का कार्यक्रम भी आयोजित होना है।जिसमे सभी नगर बाशियो का सहयोग आवश्यक है।आप लोग 01 मई से 03 मई तक के धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य कमाएं।इस दौरान बैठक में नगर के सैकड़ों धर्मप्रेमी शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री ने रीवा से वर्चुअल के माध्यम से भिण्ड रेलवे का विद्युतीकरण का किया शुभारंभ

**पंकज त्रिपाठी पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के रीवा जिले से रेलवे स्टेशनों पर विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, ऐसे निर्धारित स्टेशनों से 24 अप्रैल को वर्चुअल के माध्यम से शुभारंभ किया। जिसमें भिण्ड स्टेशन भी शामिल है 111 करोड़ रुपये के विद्युतीकरण परियोजना के तहत बिरलानगर से लेकर उदी मोड़ तक शामिल है। जिसमें भाजपा प्रदेश

### अमृत योजना के तहत भिंड रेलवे स्टेशन को विकास कार्यों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाया जाएगा: सांसद संध्या राय, कांग्रेस की सरकार में स्टेशन के विकास के लिए कोई चिंता नहीं की अटल जी ने भिंड स्टेशन के विकास को आगे बढ़ाया: विधायक संजीव सिंह

उपाध्यक्ष एवं सांसद संध्या राय, विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ रमेश दुबे, रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य संजीव कांकर प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रशांत व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आभा जैन, भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रांत सिंह कुशवाह नगर पालिका उपाध्यक्ष भानु सिंह भदौरिया, विशेष रूप से मौजूद रहकर प्रधानमंत्री मोदी जी के साथ लाइव प्रसारण में स्टेशन परिषद में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि 2019 में उन्होंने भिण्ड स्टेशन को विद्युतीकरण के लिए सेवा सदन में ध्यान आकर्षित कराया था और जिस का कार्य पूर्ण हो चुका है विकास की दिशा में हम सब आगे चल रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा ही




स्टेशनों को विशेष विद्युतीकरण के माध्यम से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि भिंड और दतिया दोनों स्टेशनों को अमृत योजना के तहत विकास कार्यों से आत्मनिर्भर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि ओवरब्रिज और मेमू ट्रेन का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा भिण्ड से भोपाल और भिण्ड से दिल्ली सवारी रेल गाड़ी चलाने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री से बराबर संपर्क में हूं वह भी सौगात भिंड को बहुत जल्द उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मनसा है कि भारतीय रेल एक विकास का माध्यम है उन्होंने वंदे मातरम गाड़ी का भी शुभारंभ करते हुए इस भारत को विभिन्न राज्यों से जोड़ने का काम किया है आज विकास और प्रकृति के लिए मोदी सरकार बराबर संवेदनशील होकर योजनाओं को संचालित कर रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक संजीव सिंह कुशवाह संजू ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व वाली सरकार ने भिंड स्टेशन को विकास की कड़ी से आगे बढ़ाकर भारतीय रेल बजट में बजट उपलब्ध कराकर आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा मध्यप्रदेश को भारत वंदे मातरम ट्रेन की सौगात दी। मालनपुर से भिंड तक के लिए सुरगी अटल बिहारी वाजपेई जी के नेतृत्व वाली सरकार ने दी थी। कांग्रेस की सरकार ने ट्रेन के विकास कार्यों को मालनपुर तक रोक दिया था। विधायक कुशवाह ने सांसद संध्या राय का ध्यान आकर्षित कराते हुए मांग की कि भिंड से कोच रेलवे लाइन का सर्वे हो चुका है जिस पर 6 ҇ 30 करोड़ रुपए भी खर्च हो चुका है यदि भिंड से कोच ट्रैक चालू हो जाता है तो भिंड से बुंदेलखंड जुड़ जाएगा एवं भिंड स्टेशन जंक्शन बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जो पुराना रेलवे लाइन स्टेशन है वहां पर भी एक शॉपिंग कंप्लेक्स बनाया जाए जिससे बेरोजगारों को रोजगार का भी एक महत्वपूर्ण स्थान बने और लोगों को रोजगार मिल कर अपना जीवन व्यतीत कर सकें जो भिंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रीवा जिले से विद्युतीकरण का शुभारंभ और भिंड स्टेशन पर पूर्ण व्यवस्थाओं के साथ मोदी के इस कार्यक्रम लाइव को प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री आर वी सिंह बघेल एडवोकेट,भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ममता भदौरिया, महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की सदस्य सीमा शर्मा, जिला महामंत्री संगीता कौशल,जिला महामंत्री आरती पाठक, जिला उपाध्यक्ष गीता राजावत, जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे ,किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत, धर्मेंद्र तिवारी कार्यसमिति के सदस्य, सिद्धार्थ जैन, मंडल अध्यक्ष शेरू पचौरी जिला मंत्री तरुण कटारे, सरजन नरवरिया, अंकित मिश्रा आदि उपस्थित रहे। अमृत योजना में होंगे यह काम सांसद संध्या राय ने कहा कि अमृत योजना काल में भिंड रेलवे स्टेशन पर उच्च स्तरीय प्रतिक्षालय, हाईस्मार्ट स्लाइड, ग्रीन पार्क, और महत्वपूर्ण कार्यों से भिंड स्टेशन को विकास के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा हमारी सरकार जैसी सरकार है विकासशील होकर भारतीय रेल को सुविधाएं प्रदान कर रही है।

# सेवाभाव भारतीय जनता पार्टी की परंपरा हैः विधायक उमाकांत शर्मा

## पंचायत दिवस पर पामाखेडी में हुआ जनपद स्तरीय कार्यक्रम, प्रधानमंत्री का लाईव टेलीकास्ट के साथ विधायक ने कराये ग्रहप्रवेश

**पुष्पांजली टूडे रिर्पोटर**
**अभिषेक कुषवाह**

पंचायत दिवस के अवसर ग्राम पंचायत पामाखेडी में सोमवार को जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सबसे पहले रीवा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाईव टेलीकास्ट एलईडी के माध्यम से किया गया जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा रेल प्रोजेक्ट एवं नल जल योजना का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया गया साथ ही उन्होंने पंचायत में महिलाओ की भूमिका पर प्रकाष डालते हुआ कहा कि आज महिलायें सषक्त हुई और आज प्रदेष में अनेक महिलायें पंचायत स्तर पर प्रतिनिधि के रूप में चुनकर आई है साथ ही बेहतरीन काम से देशभर में अपनी पहंचान स्थापित कर रही है । कार्यक्रम में कई विकासखंडस्तरीय अधिकारियो की अनुपस्थिति पर विधायक उमाकांत शर्मा ने नाराजगी जताते हुऐं जनपद सीईओ से कहा कि यह आपकी जिम्मेदारी है आज यदि यहां किसी प्रकार की कोई षिकायत आती है तो उसका निराकरण हमें कैसे करेंगे साथ ही उन्होने विकासयात्रा में आई षिकायतो के निराकरण के संबध में भी जनपद सीईओ से अनेक प्रष्न किये एवं लापरवाही को लेकर कहा कि मैडम हम जन प्रतिनिधियो को जनता को जबाव देना होता है आज विकासयात्रा को समाप्त हुऐं एक लंबा समय व्यतीत हो गया है लेकिन अभी तक षिकायतो के बे पत्र जो हितग्राहियों के द्वारा मेरे नाम पर दिए गए थे वह पत्र मेरे घर तक नही भेजे गये है साथ ही पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं वर्तमान जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव को विधायक प्रतिनिधि बनाते हुए कहा कि यह हमारे पुराने कार्यकर्ता हैं इन्हें मान सम्मान नहीं मिलता है लेकिन आज से यह विधायक प्रतिनिधि हैं और अब इनका विधायक प्रतिनिधि होने के नाते मान सम्मान किया जाए। कार्यक्रम का एक अद्भुत वाक्या जो लोगो के दिलो दिमाग पर छा गया जिसमें तेज गर्मी के चलते कार्यकम में उपस्थित



लोग जो प्यास के चलते इधर उधर पानी को तलाष रहे थे लेकिन उन्हें पानी नहीं मिल रहा था ऐसी स्थिति को देखकर विधायक से रहा नही गया इधर उधर नजर घुमाई तो कोई कार्यकर्ता भी नजर नही आया फिर क्या था उन्होने स्वयं उठकर अपने हाथो में पानी लेकर कार्यक्रम में उपस्थित जन समूदाय को पानी पिलाने लगे लोग हतप्रभ होकर उनके इस नजारे को देख रहे थे वही कई बुजूर्ग तो कहने लगे ÷ विधायक हो तो ऐसा, जिससे जनता का दर्द न देखा जायें ÷ उनके पानी पिलाने के बाद पार्टी के पदाधिकारी भी अपने हाथो में पानी लेकर पानी पिलाते हुए नजर आयें जिस पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि सेवा भाव भारतीय जनता पार्टी की परंपरा है यह कार्यकर्ता मेरी अमल्य पूंजी है । प्रधानमंत्री जी के लाईव टेलीकास्ट के बाद मंचासीन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र एवं पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यापर्ण से हुआ जिसमें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विधायक उमांकात शर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था का विस्तार बताते हुए कहा कि पंचायते भारतीय परंपरा का हिस्सा प्रारंभ से रही है पहले पंचायत के निर्णय को परमेष्वर का निर्णय कहा जाता था लेकिन इसके बाद देष गुलामी की जंजीरो में जकडता चला गया है और पंचायतो का महत्व धीरे धीरे खत्म होता चला गया लेकिन फिर पुनः पंचायतो की नींव रखी गई जिसमें त्रिस्तरीय पंचायती राज की व्यवस्था की गई जिसमें तीन पंचायतें ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायते शामिल हुई साथ ही उन्होने पंचायत प्रतिनिधियो का उत्तरीय उड़ा कर स्वागत किया वही कार्यक्रम का आभार पूर्व जन पद अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव के द्वारा व्यक्त किया गया इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भैरो सिंह कुर्मी, पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेन्द्र बघेल, झार सिंह दांगी सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

### आई पी एल टीमें धरती के 4 चक्कर के बराबर सफर करेंगी

# 235 घंटे प्लेन में, 52 दिन में टीमें एक लाख 69 हजार 532 किमी सफर करेंगी

**मुंबई।** आईपीएल की 10 टीमों के पूरी लीग के दौरान सफर को देखें, तो सभी टीमें 52 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में लगभग एक लाख 69 हजार 532 किमी सफर करेंगी। यह दूरी धरती के चार चक्कर और कश्मीर से कन्याकुमारी के 46 चक्कर के बराबर है। दिल्ली टीम को 10 मई को चेन्नई के चेपक स्टेडियम में मुकाबले के लिए 2,190 किमी की दूरी नापनी होगी। यह किसी एक मैच के लिए इस लीग की सबसे लंबी दूरी है। चेन्नई सुपरकिंग्स ने 17 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ कर्नाटक के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेलने के लिए 336 किमी की ही यात्रा की थी, जो इस लीग में एक मैच के लिए सबसे कम दूरी थी। लीग के दौरान दो महीने के अंदर हजारों किलोमीटर का सफर तय करने से खिलाड़ियों में इंजरी, थकान और वर्कलोड की परेशानी भी बढ़ने की आशंका रहती है। 59 दिन चलने वाले



इस टूर्नामेंट में 10 टीमों के बीच कुल 74 मुकाबले खेले जाएंगे। हर एक टीम 14 मैच खेलेगी, 7 अपने घर में और 7 विपक्षी टीम के घर में। 10 टीमों के बीच लीग स्टेज के 70 मुकाबले होंगे। लीग स्टेज के बाद पॉइंट्स टेबल की टॉप-4 टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करेंगी। टूर्नामेंट में 18 डबल हेडर होंगे, यानी 18 बार एक दिन में 2 मैच होंगे। इस दौरान पहला मैच दोपहर 3:30 बजे और दूसरा मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। 31 मार्च को गुजरात और चेन्नई के बीच पहले मुकाबले के बाद 1 और 2 अप्रैल को दो डबल हेडर होंगे। एक अप्रैल को पंजाब-कोलकाता के बीच पहला और लखनऊ-दिल्ली के बीच दूसरा मुकाबला होगा। वहीं, 2 अप्रैल को सनराइजर्स-राजस्थान के बीच पहला और बेंगलुरु-मुंबई के बीच दूसरा मुकाबला होगा। 8 अप्रैल और 6 मई को टूर्नामेंट की 2 सबसे सफल टीमें मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट के 74 मैच 12 अलग-अलग शहरों में होंगे। ढ्ढक्क टीमों के 10 शहरों के अलावा गुवाहाटी और धर्मशाला में भी मुकाबले होंगे। गुवाहाटी राजस्थान रॉयल्स टीम का और धर्मशाला का स्टेडियम पंजाब का होम ग्राउंड रहेगा। ढ्ढक्क टीमों के 10 शहर मुंबई, चेन्नई, अहमदाबाद, जयपुर, बेंगलुरु, लखनऊ, हैदराबाद, दिल्ली, मोहाली और कोलकाता होंगे।

### अर्शदीप ने 20 लाख के 2 स्टंप्स तोड़े

# अर्जुन ने फेंका 31 रन का ओवर, डेविड का 114-मीटर लंबा छक्का; देखें मोमेंट्स

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 13 रन से हरा दिया। शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अर्शदीप सिंह ने आखिरी ओवर में 16 रन डिफेंड किए। इसी ओवर में उन्होंने 10-10 लाख रुपए की कीमत वाले 2 स्ध्रष्ठ स्टंप्स तोड़े। टिम डेविड ने 114 मीटर लंबा छक्का लगाया। सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन ने ढ्ढक्क में मुंबई के लिए लगातार तीसरा मैच खेला। शुरुआती 2 ओवरों में कम रन देने के बाद उनका तीसरा ओवर महंगा साबित हुआ। उन्होंने पारी के 16वें ओवर में 31 रन दिए। सैम करन और हरप्रीत भाटिया ने उनके





ओवर में 2 छक्के और 4 चौके लगाए। इसके साथ ही उन्होंने ढ्ढक्क के इस सीजन में सबसे महंगा ओवर फेंकने का रिकॉर्ड हासिल किया। उन्होंने गुजरात टाइटंस के यश दयाल की बराबरी की। यश ने कोलकाता के खिलाफ 31 रन ही दिए थे। अर्जुन ने इसी ओवर में हरप्रीत के सिर पर हाई फुल-टॉस भी फेंकी। जिसे अंपायर ने नो-बॉल करार दिया। बॉल सीधे हरप्रीत के हेलमेट पर लगी थी। अर्जुन ने अपने स्पेल के दूसरे ओवर में शानदार यॉर्कर फेंक कर प्रभसिमरन सिंह को ख्रड्ड भी किया था, लेकिन 31 रन देने के बाद उन्होंने अपने 3 ओवर का स्पेल 48 रन देकर खत्म किया। पंजाब किंग्स ने 15 ओवर में 118 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन अर्जुन के ओवर में 16 रन बनाने के बाद टीम ने आखिरी 30 गेंदों पर 96 रन बनाए। इसमें जितेश शर्मा का योगदान भी अहम रहा। उन्होंने अपनी पारी की शुरुआती 2 गेंदों पर ही कैमरून ग्रीन को 2 छक्के लगा दिए। उन्होंने 20वें ओवर में जेसन बेहरनडॉर्फ को भी 2 छक्के लगाए। इनमें से एक छक्का 104 मीटर लंबा था। जितेश 7 गेंदों में 25 रन बनाकर बेहरनडॉर्फ का ही शिकार हुए, लेकिन अपनी टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा गए। मुंबई इंडियंस के स्टार बैटर सूर्यकुमार यादव पंजाब के खिलाफ फॉर्म में लौटे। उन्होंने 26 गेंदों पर 57 रन की पारी खेली। हालांकि वे अपनी टीम को जीत दिलाने से पहले ही कैच आउट हो गए। लेकिन इस पारी में उन्होंने 360 डिग्री एंगल से ग्राउंड के चारों तरफ शॉट्स लगाए। सूर्या ने अपनी पारी में स्कूप और रैम्प शॉट्स से 3 छक्के और 7 चौके लगाए।

### जंतर-मंतर पर पहलवानों का फिर से धरना

# दिल्ली पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में बृजभूषण सिंह के खिलाफ दी शिकायत

**पानीपत।** प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 महिला पहलवानों ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पहलवानों का कहना है कि दिल्ली पुलिस भी सिंह पर केस दर्ज नहीं कर रही है। इसके अलावा जांच कमेटियां भी अपनी रिपोर्ट नहीं दे रही है। जिससे उनकी न्याय मिलने की उम्मीद टूट रही है। इसलिए अब उन्होंने लंबे इंतजार के बाद फिर से धरने का फैसला लिया है। खिलाड़ियों ने कहा कि हमें कई तरफ से धमकियां मिल रही हैं और 3 महीने से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद, हमने थाने में शिकायत दर्ज करवाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस अधिकारियों ने हमारी नहीं सुनी। हमें नहीं पता कि यहां क्या हो रहा है। हम अपना विरोध फिर से शुरू करेंगे और बैठेंगे। हमारी मांगें पूरी होने तक



जंतर-मंतर पर धरने पर हैं। गौरतलब है कि इसी साल जनवरी में पहलवानों ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करके उन पर गंभीर आरोप लगाए थे। ओलिंपिक एसोसिएशन और खेल मंत्रालय ने आरोपों की जांच के लिए दो कमेटियां बनाई थीं। कमेटियों का कहना था कि आरोप लगाने वाले पहलवानों ने सबूत नहीं दिए थे। 18 जनवरी को रेसलर्स विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना शुरू कर दिया। इस दौरान विनेश फोगाट ने रोते हुए आरोप लगाए कि फेडरेशन अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कोच नेशनल कैंप में महिला रेसलर्स का यौन उत्पीड़न करते हैं। विनेश ने यह भी कहा कि बृजभूषण खिलाड़ियों के होटल में रुकते थे, जो नियमों के खिलाफ है। टोक्यो ओलिंपिक में हार के बाद ह्वस्नढ्ढ के अध्यक्ष ने मुझे खोटा सिक्का कहा।

### गुजरात ने लखनऊ पर जमाई जीत की हैट्रिक

# लखनऊ ने आखिरी ओवर में चार विकेट गंवाए, 34 साल के मोहित शर्मा ने पलटी बाजी

**लखनऊ।** डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ जीत की हैट्रिक जमाई है। टीम ने रोमांचक मुकाबला 7 रनों से जीता। दोनों टीमें तीसरी बार आमने-सामने थीं। लखनऊ के भारत रत्न अटल विहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में लखनऊ के बल्लेबाज ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 128 रन ही बना सके। आखिरी ओवर में लखनऊ को 12 रन की जरूरत थी। स्ट्राइक पर टीम के कप्तान केएल राहुल और नॉन स्ट्राइक पर आयुष बडोनी



बल्लेबाजी कर रहे थे। बॉलिंग पर 34 साल के पेसर मोहित शर्मा आएं। दूसरी बॉल मोहित ने शॉर्ट पिच फेंकी। इस पर राहुल ने स्क्वेयर लेग पर शॉट खेला, लेकिन जयंत यादव ने कैच पकड़ लिया। मोहित के ओवर की चौथी बॉल दीपक हुड्डा ने फेस की। हुड्डा ने स्लो यॉर्कर को सामने की ओर खेला। दूसरा रन लेने में नॉन स्ट्राइकर आयुष बडोनी आउट हो गए। अब लखनऊ को 2 बॉल में 9 रन की जरूरत थी। पांचवी बॉल भी यॉर्कर ही आई। हुड्डा ने डीप मिड विकेट पर शॉट खेला, लेकिन दूसरा रन लेते हुए रनआउट हो गए। अब 1 बॉल में 7 रन चाहिए थे। केएल राहुल की कप्तानी वाली लखनऊ की टीम 136 रन का टारगेट चेज नहीं कर सकी, जबकि टीम की ओर से दो अर्धशतकीय साझेदारियां हुईं। टीम की हार का कारण बल्लेबाजों की धीमी पारियां रहीं। कप्तान केएल राहुल ने खुद 61 बॉल पर 68 रन बनाए। क्रुणाल पंड्या 23 बॉल पर 23 रन बनाकर लौटे। काइल मेयर्स ने 19 बॉल पर 24 रन जोड़े।

### रोमांचक मुकाबले में 13 रन से जीता पंजाब

# 6 गेंद पर 16 रन नहीं बना सकी मुंबई; काम न आई ग्रीन-सूर्या की पारियां

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 13 रन से हरा दिया। आखिरी ओवर में पंजाब के गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 16 रन डिफेंड किए। उन्होंने तिलक वर्मा और नेहल वाधेरा को 2 लगातार गेंदों पर बोल्ड कर पंजाब की झोली में जीत डाल दी। दोनों ही गेंदों पर बैटर के मिडिल स्टंप पर टूटे। अर्शदीप ने मैच में 4 विकेट लिए। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में 214 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 6 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। मुंबई से सूर्यकुमार यादव ने 57 और कैमरून ग्रीन ने 67 रन बनाए। पंजाब से सैम करन ने पहली पारी में 57 रन बनाए थे।



15 ओवर में पंजाब किंग्स का स्कोर 4 विकेट पर 118 रन था। यहां बॉलिंग करने आए अर्जुन तेंदुलकर ने 31 रन दे दिए। इस ओवर के बाद पंजाब ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और आखिरी 30 गेंदों पर 96 रन बना दिए। अर्जुन तेंदुलकर ने इस ढ्ढक्क सीजन का सबसे महंगा ओवर फेंकने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने गुजरात टाइटंस के यश दयाल की बराबरी की। अर्जुन तेंदुलकर ने इस ढ्ढक्क सीजन का सबसे महंगा ओवर फेंकने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। उन्होंने गुजरात टाइटंस के यश दयाल की बराबरी की। 215 रन के टारगेट के सामने मुंबई ने 10वें ओवर में रोहित शर्मा का विकेट गंवा दिया था। यहां से सूर्यकुमार यादव ने 57 और कैमरून ग्रीन ने 67 रन की पारियां खेल टीम को चेज में बनाए रखा। अर्शदीप सिंह ने पूरे मैच में कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने पावरप्ले में ईशान किशन का विकेट लेने के बाद 18वें ओवर में सूर्यकुमार यादव का अहम विकेट निकाला। आखिरी ओवर में फिर उन्होंने 2 ही रन दिए और 2 विकेट लेकर अपनी टीम को 13 रन से मैच जिता दिया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब ने तीसरे ही ओवर में मैथ्यू शॉर्ट का विकेट गंवा दिया। लेकिन पहले विकेट के बाद प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायड़े ने टीम को संभाला। दोनों ने पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 58 रन बना दिए।

# कोहली-डु प्लेसिस फॉर्म में, बटलर-यशस्वी दिला सकते हैं पॉइंट्स

इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) के सुपर संडे में आज 2 मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच होगा। मैच दोपहर 3:30 बजे से बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टडियम में शुरू होगा। आगे स्टोरी में हम इस मैच की फैंटेसी-11 के टॉप खिलाड़ियों के बारे में जानेंगे। प्लेयर्स का ढ्ढक्क रिकॉर्ड और पिछले प्रदर्शन पर भी नजर डालेंगे, जिन्हें देखकर उन्हें आप अपनी टीम में शामिल कर सकते हैं। विकेटकीपर के तौर पर संजू सैमसन को लिया जा सकता है। सैमसन ने अब तक सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। 6 मैच में 159 रन बनाए हैं। बल्लेबाजों में फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली, जोस बटलर और यशस्वी जायसवाल को लिया जा सकता है। ऑरेंज कैप होल्डर डु प्लेसिस ने शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक उन्होंने 6 मैचों में 343 रन बनाए हैं। हर मैच में टिक कर खेल रहे हैं। कोहली बेंगलुरु के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। ऋष्क्र के लिए ओपनिंग करते हैं। 6 मैचों में 279 रन बना चुके हैं। बटलर आक्रामक बल्लेबाज हैं। लगभग हर मैच में अपना बेस्ट परफॉरमेंस देते हैं। 6 मैचों में 244 रन बना चुके हैं। ऑलराउंडर में ग्लेन मैक्सवेल, रविचंद्रन अश्विन और जेसन होल्डर को चुन सकते हैं। मैक्सवेल आक्रामकता से बल्लेबाजी कर रहे हैं। 6 मैचों में 176 रन बना चुके हैं। अश्विन ऊपरी क्रम पर बल्लेबाजी करने आ जाते हैं। बॉलिंग से 6 मैचों में 8 विकेट ले चुके हैं।

### कॉनवे ने लगाई लगातार 3 हाफ सेंचुरी

इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में आज का दूसरा मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। चेन्नई जहां पॉइंट्स टेबल को टॉप-4 में शामिल है, वहीं कोलकाता टेबल की बॉटम-4 टीमों में है। आगे स्टोरी में हम इस मैच की फैंटेसी-11 के टॉप खिलाड़ियों के बारे में जानेंगे। उनका ढ्ढक्क रिकॉर्ड और पिछले प्रदर्शन पर भी नजर डालेंगे, जिन्हें आप अपनी टीम में शामिल कर सकते हैं। विकेटकीपर के तौर पर रहमानुल्लाह गुरबाज को लिया जा सकता है।

### ज्योति ने भारत को दिलाए वर्ल्ड आर्चरी में दो गोल्ड

# कंपाउंड मिक्स्ड टीम और इंडिविजुअल कंपाउंड में मिली सफलता

ज्योति सुरेखा वेनम और उनके जोड़ीदार ओजस देवताले ने शनिवार को चीनी ताइपे की टीम को 159-154 से हराकर आर्चरी वर्ल्ड कप के स्टेज 1 में कंपाउंड मिक्स्ड टीम का गोल्ड मेडल जीतकर भारत का खाता खोला। टीम ने 16 निशानों में से 15 सही लगाकर 12वीं वरीयता प्राप्त चीन की टीम को फाइनल में आसानी से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने केवल एक अंक गवाया नहीं तो स्कोर 160 में से 160 होता। आर्चरी वर्ल्ड कप इतिहास में भारत का यह मिक्स्ड कंपाउंड इवेंट में दूसरा गोल्ड मेडल है। इससे पहले ज्योति और अभिषेक वर्मा ने पेरिस में साल 2022 में वर्ल्ड कप के स्टेज 3 में गोल्ड मेडल जीता था। अभिषेक वर्मा राष्टीय ट्रायल्स में टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे थे। वर्मा की अनुपस्थिति के बावजूद भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। ज्योति और 20 साल के देवताले की जोड़ी ने लगातार 'परफेक्ट 10' का स्कोर बनाया और जल्द ही 120-116 से बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर आसानी से पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले शुक्रवार को ज्योति और ओजस की जोड़ी ने मलेशिया के फतिन नूरफतेह मेत सालेह और मोहम्मद जुवैदी माजुकी की जोड़ी को 157-154 से हरा कर फाइनल का टिकट कटाया था।

### पंड्या ब्रदर्स ने मैच के बाद जर्सी बदली

# नवीन उल-हक का डाइविंग कैच, नूर अहमद ने किया ड्रीम डेब्यू

**लखनऊ।** गुजरात टाइटंस ने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (ढ्ढक्क) में लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबला 7 रन से जीता। लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 135 रन बनाए। जवाब में लखनऊ 20 ओवर में 7 विकेट पर 128 रन ही बना सका। मैच में पंड्या ब्रदर्स ने जर्सी बदली, नवीन उल-हक ने डाइविंग कैच लिया और 18 साल के नूर अहमद ने ड्रीम डेब्यू कर अपनी टीम को मैच जिताया। मैच के ऐसे ही टॉप मोमेंट्स इस खबर में हम जानेंगे। अफगानिस्तान के 18 साल के स्पिन गेंदबाज नूर अहमद ने गुजरात टाइटंस के लिए डेब्यू किया। उन्हीं के देश के खिलाड़ी राशिद खान ने उन्हें डेब्यू कैप सौंपी। हालांकि, नूर इससे पहले सीजन में



इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर खेल चुके हैं। लेकिन, इस बार उन्हें पहली बार प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया। गुजरात टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ टीम से खेल रहे उनके भाई करुणाल पंड्या ने मैच के बाद एक दूसरे के साथ जर्सी बदली। करुणाल ने लखनऊ सुपरजायंट्स की जर्सी हार्दिक को दी और हार्दिक ने गुजरात टाइटंस की जर्सी करुणाल को दी। अफगानिस्तानी क्रिकेटर नवीन उल-हक ने मैच में शानदार फील्डिंग की। 12वें ओवर की चौथी बॉल पर अभिनव मनोहर ने डीप कवर पर छक्का मारने की कोशिश की। नवीन दौड़ते हुए आए और डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ लिया। मनोहर को 3 रन के स्कोर पर ही पवेलियन लौटना पड़ा। गुजरात के अभिनव मनोहर ने करुणाल पंड्या का आसान सा कैच छोड़ दिया। नौवें ओवर में राशिद खान की तीसरी गेंद पर करुणाल पंड्या ने स्वीप किया। शुभमन गिल की जगह फील्डिंग कर रहे मनोहर ने इस पर आसान सा कैच छोड़ दिया। 14वें ओवर में विजय शंकर ने केएल राहुल का कैच छोड़ दिया। जयंत यादव बॉलिंग कर रहे थे। ओवर की चौथी बॉल पर राहुल ने लॉन्ग ऑन पर शॉट खेला। विजय शंकर दौड़ते हुए गए, लेकिन उनके हाथों से बॉल छिटक गई।

# अपारशक्ति खुराना की वेब सीरीज जुबली का ट्रेलर जारी

मौजूदा वक्त में अभिनेता अपारशक्ति खुराना अपनी आगामी वेब सीरीज जुबली को लेकर चर्चा में हैं, जिसका दर्शक ब्रेसबी से इंतजार कर रहे हैं। निर्माताओं ने जुबली का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। अपारशक्ति के अलावा जुबली वेब सीरीज में प्रसनजीत चटर्जी, अदिति राव हैदरी, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर जैसे अन्य कलाकार भी मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। जुबली अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी। विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित इस सीरीज में कुल 10 एपिसोड हैं। सीरीज का पहला भाग 7 अप्रैल को रिलीज होगा, जिसमें कुल 5 एपिसोड शामिल होंगे। इसका दूसरा भाग 14 अप्रैल को स्ट्रीम होगा, जिसमें दर्शक 6 से 10 तक एपिसोड देख सकेंगे। इसकी कहानी प्यार और जुनूनियत पर आधारित होगी, जिसमें लोग अपने सपनों, जुनून और प्यार को पाने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। इस सीरीज का निर्माण रिलायंस एंटरटेनमेंट और फैंटम स्टूडियोज के सहयोग से आंदोलन फिल्म्स द्वारा किया गया है। इसमें प्रोसेनजीत चटर्जी, अदिति राव हैदरी, अपारशक्ति खुराना, वामिका गब्बी, सिद्धांत गुप्ता, नंदीश संधू और राम कपूर विभिन्न मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।इंडिया ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो की प्रमुख अपर्णा पुरोहित ने अपने एक बयान में मोटवाने के इस फिल्म को लेकर कहा, जुबली सिनेमा के जादू का उत्सव है; यह उन सभी कलाकारों और तकनीशियनों को श्रद्धांजलि है, जो हमारे लिए पर्दे पर यह जादू बुनते हैं। कहानी तीन युवा पात्रों के परीक्षणों और क्लेशों का अनुसरण करती है, क्योंकि वे फिल्म उद्योग का हिस्सा बनने के लिए अपनी यात्रा पर निकलते हैं।कहानी प्यार, ईर्ष्या, विश्वासघात और सर्व-उपभोग की महत्वाकांक्षा से भरी हुई है। विक्रमादित्य मोटवाने की रचनात्मक प्रतिभा और अमित त्रिवेदी द्वारा रचित आत्मीय संगीत आपको 1940 और 1950 के दशक में स्थापित हिंदी फिल्म उद्योग के शानदार स्वर्ण युग में ले जाएगा। जुबली एक ऐसी श्रृंखला है जिस पर हमें बेहद गर्व है और हम इसे बाकी दुनिया के साथ साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।मोटवाने ने कहा कि जुबली का विचार उनके साथ तब से है जब उन्होंने सहायक निर्देशक के रूप में फिल्मों में अपनी यात्रा शुरू की थी। जुबली सिनेमा के उस प्रसिद्ध युग में सेट की गई है, इसके मूल में, एक बहुत ही मानवीय कहानी है, जिसमें कथात्मक विषय हैं जो हर किसी के साथ प्रतिध्वनित होंगे - जिसने मुझे पहली बार में कहानी की ओर आकर्षित किया।निर्देशक-निर्माता ने कहा कि हमने अपने युग के प्रति सच्चे बने रहने के लिए श्रृंखला के प्रत्येक पहलू पर श्रमसाध्य शोध किया है। यह एक शानदार स्टूडियो के समर्थन से की गई सबसे अविश्वसनीय यात्रा रही है, जिसमें कुछ सबसे अद्भुत अभिनेता और अब तक के सर्वश्रेष्ठ संभव दल हैं। इस श्रृंखला में हर दिन एक खुशी की बात रही है और मैं दुनिया के उस काम को देखने का इंतजार नहीं कर सकता जो हमने किया है।जुबली भारत सहित विश्व के 240 देशों में प्राइम वीडियो सदस्यों के लिए एक साथ स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगी।







# नंदमूरि बालाकृष्ण की अगली फिल्म एनबीके 108 के लिए काजल अग्रवाल हुई सक्रिय

हिन्दी और दक्षिण भारतीय फिल्मों की सफलतम अभिनेत्रियों में शुमार रही काजल अग्रवाल एक बार फिर से फिल्म दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। शादी और माँ बनने के बाद अब वे पूरी तरह से फिल्मों में लौट रही हैं। उनकी वापसी दक्षिण के कामयाब अभिनेता नंदमूरि बालाकृष्ण के साथ होने जा रही है। इस वर्ष की पहली तिमाही में बॉक्स ऑफिस पर कामयाब फिल्म वीरा सिम्हा रेड्डी देने वाले नंदमूरि बालाकृष्ण अपनी अगली फिल्म की तैयारियों में लग गए हैं।नंदमूरि बालाकृष्ण ने वीरा सिम्हा रेड्डी के साथ एक बड़ी हिट फिल्म उद्योग को दी। अब उनकी अगली फिल्म की चर्चाएँ हो रही हैं जिसके निर्देशन की जिम्मेदारी अनिल रविपुदी को सौंपी गई है। अभी तक इस फिल्म का कोई नाम तय नहीं किया गया है, इसके चलते इसे एनबीके 108 के नाम से जाना जाएगा। जब हर कोई सोच रहा था कि इस परियोजना में मुख्य भूमिका कौन निभाएगा, तो काजल अग्रवाल के नाम की घोषणा की गई। इससे पहले, रिपोर्ट्स में कहा गया था कि उन्हें एनबीके 108 के लिए संपर्क किया गया था।नंदमूरि बालाकृष्ण वर्तमान में एनबीके 108 की शूटिंग कर रहे हैं। इसकी घोषणा अगस्त 2022 में की गई थी। महिला नेतृत्व पर विचार-विमर्श के बीच, अब यह पुष्टि हो गई है कि काजल अग्रवाल एनबीके 108 में प्रमुख महिला की भूमिका निभाएंगी। परियोजना और काजल की भूमिका के बारे में अधिक जानकारी का इंतजार है। निर्देशक ने एक वीडियो के साथ इसकी घोषणा की। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि इसका संगीत एस थमन द्वारा रचित होगा।अनिल रविपुडी एक स्टार फिल्म निर्माता के रूप में उभरे जब उन्होंने सरिलरु नीकेवरु (2020) में महेश बाबू को निर्देशित किया, जिसने अल्लू अर्जुन की अला वैकुंठप्रेमुलु से प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने एफ-3 के साथ एक और ब्लॉकबस्टर फिल्म दी, जो उनकी आश्चर्यजनक हिट एफ-2 की अगली कड़ी थी। उनके कहानी कहने के ब्रांड को देखते हुए, एनबीके 108 से एक व्यावसायिक मनोरंजन की उम्मीद की जा सकती है।

# रितिका छिब्बर को 14 साल बाद मिला फिल्मी दुनिया में ब्रेक ?

मॉडल-अभिनेत्री रितिका छिब्बर ऑपरेशन मेफेयर से फिल्मी दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उनके लिए यह सफर आसान नहीं था। 14 साल पहले रितिका मध्य प्रदेश के जबलपुर से मॉडलिंग और अदाकारी का सपना लिए मुंबई के लिए रवाना हुई थीं, लेकिन उन्हें इन 14 सालों में पहचान नहीं मिली।रितिका ने बताया कि जिस वक्त उनकी हिम्मत जवाब देने वाली थी, ठीक उसी समय उन्हें ऑपरेशन मेफेयर ऑफर हुई। रितिका कथक में ट्रेंड सर्टिफाइड डांसर हैं। वह अपने सपनों को पूरा करने के लिए कम उम्र में मुंबई आ गई थीं। मुंबई आने के बाद उन्होंने एक कॉलेज में दाखिला लिया और पढ़ाई पूरी की। शुरुआत के समय में एक साल तक रितिका ने कॉल सेंटर में नौकरी की, लेकिन उन्हें बाद में एहसास हुआ कि वह जिस चीज के लिए मुंबई आई हैं, वो करना ज्यादा जरूरी है। इसके बाद वह मॉडलिंग और एक्टिंग में किस्मत आजमाने लगीं। मॉडलिंग के दौरान रितिका का असल इम्तिहान शुरू हुआ और उन्होंने कई ऑडिशन दिए और कई रिजेक्शन भी झेले। एक वक्त था जब ऑडिशन के दौरान रितिका को एक प्रोजेक्ट में सह-कलाकार का रोल मिला था, लेकिन बाद में उन्हें कई दिनों तक निर्माताओं की ओर से कोई कॉल नहीं आया। ऑपरेशन मेफेयर की बात करें तो यह फिल्म 24 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इसमें वह जिमी शेरगिल के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी।

# भोला के बाद पूरा यूनिवर्स लाने की तैयारी में अजय देवगन



अजय देवगन अपनी फिल्म भोला को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। ट्रेलर में अभिनेता के एक्शन अवतार की झलक मिलने के बाद से ही प्रशंसक काफी उत्सुक हैं। तमिल फिल्म कैथी की हिंदी रीमेक भोला में अभिनेता के अभिनय ही नहीं, निर्देशन की भी तारीफ हो रही है। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी कैथी ने एक अलग सिनेमेटिक यूनिवर्स की नींव रखी थी। ऐसे में अब अजय ने भी भोला के सिनेमेटिक यूनिवर्स पर बात की है। कैथी के यूनिवर्स की शुरुआत लोकेश की विक्रम के साथ हुई, जिसमें कमल हासन, विजय सेतुपति और फहाद फाजिल शामिल थे। फिल्म ने दुनिया भर में 400 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था और ऐसे में दर्शकों को भोला यूनिवर्स आने की उम्मीद थी।अजय ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि भोला के साथ एक यूनिवर्स की शुरुआत होने वाली है। अभिनेता ने कहा, कैथी विक्रम के यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें विक्रम (1986) और विक्रम (2022) शामिल हैं। भोला एक ऐसे नोट पर खत्म होगी, जहां आपको लगेगा कि इसका दूसरा पार्ट भी होगा। उन्होंने कहा, यह दूसरा पार्ट विक्रम या उसके जैसा नहीं होगा क्योंकि हम अलग तरह के नए किरदार लाएंगे।भोला दुनियाभर में 3डी, आईमैक्स और 4डीएक्स में रिलीज होने वाली है। अजय ने फिल्म के बारे में कहा, यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई गई है, जिसमें भरपूर एक्शन है। हमने जो वातावरण और परिवेश बनाया है, वो कुछ ऐसा है जो मुझे नहीं लगता कि लोगों ने ज्यादा देखा है। अभिनेता ने बताया कि फिल्म की कहानी को वैसा ही रखा गया है, लेकिन बहुत सारे किरदार और पटकथा का थोड़ा सा हिस्सा बदल गया है। भोला को और भी शानदार बनाने के लिए कई सितारों के कैमियो की खबरें भी सामने आती रहती हैं। माना जा रहा है कि अजय इस प्रोजेक्ट को 3 पार्ट फ्रेंचाइजी की तरह बना रहे हैं।रिपोर्ट के अनुसार, रिपोर्ट्स में कहा गया था कि सलमान खान इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अभिषेक बच्चन भी फिल्म में कैमियो कर सकते हैं, जिस पर ट्रेलर लॉन्च के दौरान अजय ने कहा था कि यह सरप्राइज होगा। फिल्म को लेकर अजय बता चुके हैं इसकी कहानी कैथी से ली गई है, लेकिन इसमें हिंदी दर्शकों के हिसाब से कई बदलाव किए गए हैं। कैथी के हिंदी राइट अजय को मिल गए हैं, लेकिन बाकी यूनिवर्स की फिल्में मेकर्स खुद ही हिंदी में लाने वाले हैं। ऐसे में अजय को भोला यूनिवर्स को आगे ले जाने के लिए नई कहानियां लेकर आनी होंगी, जिसके लिए वह पूरी तरह से तैयार हैं। अजय की भोला 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस फिल्म में तब्बू, दीपक डोबरियाल, संजय मिश्रा, गजराज राव, मकरंद देशपांडे और किरण कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के अभी तक दो गाने दिल है भोला और नजर लग जाएगी रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें काफी पसंद किया जा रहा है। यह अजय के निर्देशन में बन रही चौथी फिल्म है। इससे पहले वह यू मी और हम, शिवाय और रनवे 34 बना चुके हैं।

# मैत्री में श्रेनु पारिख के लिए एक बच्चे के साथ शूटिंग करना हुआ मुश्किल

टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख शो मैत्री में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बच्चे अजीमा शेख के साथ शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि शुरू में उनका नर्वस साइड कैसे गायब हो गया था। श्रेनु ने कहा, जो बच्चा नंदिनी (भाविका चौधरी) के बेटे का किरदार निभा रहा है, वह वास्तव में एक बच्ची है और जब मुझे पता चला कि हम एक नवजात के साथ शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं, तो मैं बहुत घबरा गई। हम सभी जानते हैं कि इसे संभालना कितना मुश्किल है। छोटे बच्चे और उनके साथ शूटिंग करना पूरी तरह से एक और काम है। कोई भी नवजात के मूड का अनुमान नहीं लगा सकता है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से अजीमा बहुत शांत बच्ची है।श्रेनु पारिख इस प्यार को क्या नाम दूं? में अपनी किरदार के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने आगे साझा किया कि अब वह अजीमा के साथ काम करने में सहज है और उसके साथ काम करते हुए एक अच्छी मां बनने की ट्रेनिंग भी ले रही है।वह सिर्फ 3 महीने की बच्ची है, लेकिन क्योंकि मैं उसके साथ अतिरिक्त समय बिताती हूं, वह मुझे पहचानती है। जब भी मैं उसे शांत करती हूं तो वह आसानी से शांत हो जाती है। हर बार जब मैं उसे शोटू कहती हूं, तो वह तुरंत अपनी सबसे कीमती मुस्कान देकर मुझे जवाब देती है।



वास्तव में, जब अजीमा मेरी गोद में होती है तो उसकी मां भी बहुत सुरक्षित महसूस करती है। और अब, अजीमा के मेरे जीवन में आने के बाद, मुझे वास्तव में लगता है कि किसी दिन, मैं एक अच्छी मां बन सकती हूं।यह शो प्रयागराज शहर में रहने वाली दो दोस्त मैत्री और नंदिनी के बीच सच्ची दोस्ती और बचपन के बंधन का प्रतिबिंब है, और कैसे परिस्थितियों के कारण उनका बंधन टूट जाता है।शो में श्रेनु पारिख, भाविका चौधरी और नमिश तनेजा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।मैत्री जी टीवी पर प्रसारित होता है।

# कुंडली भाग्य में पहली बार मां का किरदार निभाएंगी इरा सोन



अभिनेत्री इरा सोन, जिन्होंने 2007 में लोकप्रिय शो कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी और आखिरी बार देश की बेटी नंदिनी में देखी गई थीं, सात साल बाद एकता कपूर की कुंडली भाग्य के साथ छोटे पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं। उन्होंने शो का हिस्सा बनने और पहली बार मां की भूमिका निभाने के बारे में बात की।शो में अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, मैं लीप के बाद शो में मां का किरदार निभा रही हूं, जो मेरे पूरे करियर में पहली बार है।सात साल बाद कुंडली भाग्य में वापसी करने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने कुंडली भाग्य को चुना क्योंकि यह हिट शो है, इसकी कहानी शानदार है। मुझे लगा कि मां की भूमिका निभाने के लिए यह मेरे लिए बिल्कुल सही शो है। क्योंकि इसमें बहुत सारे शेड्स हैं और यह बाकियों से अलग है।उन्होंने एक मां की भूमिका निभाने पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा- मैं शूटिंग के पहले दिन नर्वस थी कि मैं इसे कर पाऊंगी। लेकिन मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और यह मेरे लिए कुछ नया और अलग है, मैं काफी उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं एक मां के किरदार में फिट हो जाऊंगी।कम उम्र में मां की भूमिका निभाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज किसी किरदार को निभाने की कोई उम्र सीमा है।

चोर निकल के भागा

# रोमांच का भरपूर डोज, बोर होने का मौका नहीं देती फिल्म

यामी गौतम पिछली बार फिल्म लॉस्ट में नजर आई थीं, जिसमें उनके अभिनय की खासी तारीफ हुई थी। पिछले काफी समय से दर्शक उनकी फिल्म चोर निकल के भागा की राह देख रहे थे। अब दर्शकों का यह इंतजार आखिरकार खत्म हो गया है। फिल्म 24 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है। फिल्म में यामी के साथ अभिनेता सनी कौशल मुख्य भूमिका में हैं और अजय सिंह इसके निर्देशक हैं।फिल्म में यामी (नेहा) फ्लाइट अटेंडेंट की भूमिका में हैं, वहीं सनी कौशल(अंकित) एक यात्री के किरदार में हैं। अंकित पहली ही नजर में नेहा को दिल दे बैठता है। दोनों जगह-जगह टकराते हैं। मुलाकातों का सिलसिला बढ़ता है और फिर होती है उनके बीच प्यार की शुरुआत। दोनों माता-पिता बनने वाले हैं और साथ जिंदगी बिताने को उत्साहित हैं, लेकिन उनकी खुशियों को नजर तब लगती है, जब एक कर्ज के कारण अंकित बड़ी मुसीबत में फंस जाता है। अंकित पर कुछ लोग हीरों की चोरी करने का दबाव डालते हैं। अपनी जान बचाने के लिए अंकित और नेहा मिलकर चोरी की योजना बनाते हैं, वो भी जमीन से 40,000 फीट ऊपर यानी प्लेन में, लेकिन दांव तब उल्टा पड़ जाता है, जब चोरी करने से पहले ही प्लेन हाइजैक कर लिया जाता है। प्लेन हाईजैक कौन करता है? असली चोर कौन है? अंकित-नेहा का क्या होगा? ऐसे कई सवालों के जवाब आपको फिल्म देखने के बाद ही मिलेंगे। यामी को देख हम तो यही कहेंगे कि ओटीटी पर उन्होंने अपनी सीट पक्की कर ली है। डर, चिंता, बेबसी, गुस्सा हर बदलते भाव के साथ चेहरे का रंग बदलना अभिनय में उनकी परिपक्वता का सबूत है। सनी ने भी अपने अभिनय का कौशल दिखाया है। चोर के किरदार में वह जंचे हैं। सेकेंड हाफ में इनवेस्टिगेटिंग ऑफिसर बन एंट्री करने वाले शरद केलकर फिल्म में सरप्राइज पैकेज की तरह हैं। उनके बोलने का अंदाज भी दिल जीत लेता है। अजय सिंह का निर्देशन वाकई काबिल-ए-तारीफ है। उन्होंने फिल्म में ट्विस्ट इतने डाले हैं कि एक ही प्लेन में फिल्माई गई कहानी भी बोर नहीं करती। शुरुआत से लेकर अंत तक निर्देशक ने एक लय पकड़कर रखी। जबरदस्ती के सीन उन्होंने फिल्म में नहीं ठूंसे। कहानी सधी हुई है और कहानी के हिसाब से किरदार भी निर्देशक ने कमाल के चुने। सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों से जितने रोमांच की उम्मीद की जाती है, उसमें यह काफी हद तक खरी उतरती है। फिल्म के संगीत ने इसकी कहानी में जान फूंकने का काम किया। शुरुआत से ही बैकग्राउंड म्यूजिक ने कहानी का पूरा साथ दिया। बात करें सिनेमैटोग्राफी की तो दृश्यों को बखूबी कैमरे में कैद किया गया है। सिनेमैटोग्राफर की मेहनत फिल्म में साफ झलकती है। मनोरंजन से ताल से ताल मिलाती लगभग 1 घंटा 50 मिनट की इस फिल्म में कुछेक कमियां हैं, लेकिन वो खामियां ऐसी हैं, जिन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। फिल्म में कलाकारों के संवादों पर और काम किया जा सकता था। फिल्म की कहानी में आपको मजबूती की कमी अखर सकती है। हालांकि, कहानी के जो ढीले हिस्से थे, तेज रफ्तार और रोमांस ने उन्हें कस लिया। इसकी घटनाएं ऐसे बांधे रखती हैं कि ढील खुद-ब-खुद बर्दाश्त हो जाती है। क्यों देखें? न तो इस फिल्म का खास प्रमोशन हुआ और ना ही इससे किसी को इतनी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म उम्मीद से बढ़कर निकली है।

# भाजपा ने प्रदेश को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है: डॉ. सिकरवार

## लोगों ने विधायक को गले लगाकर किया स्वागत





पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर।** 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के गोला का मंदिर ब्लॉक में आज शाम 4 बजे वार्ड 20 के रणधीर कॉलोनी गेट पर कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, कांग्रेस पार्षद एवं सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्रित हुये। जहां से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा बृहद स्तर पर शुरू हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे हाथों में लेकर चल रहे थे। यात्रा रणधीर कॉलोनी एवं गोर्वधन कॉलोनी की समस्त गलियों में घर-घर पहुंची और जनता से सीधे संपर्क कर भाजपा द्वारा चलाई जा रही जनविरोधी नीतिओं के बारे में बताया। इस दौरान विधायक डॉ.सिकरवार ने बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया, तब लोगों ने अपने गले लगाकर फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक का लोगों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया । यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि भाजपा ने प्रदेश को भ्रष्टाचार का गढ बना दिया है, भाजपा सरकार के मंत्री एवं अफसर मस्त है और जनता महगांई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से त्रस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश को कर्ज के बोझ के तले दबा दिया है। प्रदेश का युवा बेरोजगारी से परेशान है, देश में सबसी महंगी बिजली मध्यप्रदेश में है, जबकि मध्यप्रदेश में बिजली का उत्पादन हो रहा है और दूसरे राज्यों को बिजली कम दामों पर बेची जा रही है। भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर है, उसे आम जनता की परेशानियां दिखाई नही दे रही है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि अब समय आ गया है आप और हम सबको मिलकर इस नाकारा सरकार को सबक सिखाना है और प्रदेश में कमलनाथ सरकार को लाना है। 'हाथ से हाथ जोडो' पद यात्रा के दौरान विधायक डॉ. सिकरवार के साथ कार्यकारी जिलाध्यक्ष चतुर्भुज धनोलिया, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह नौनेरा, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती वीणा भारद्वाज, राजेश तोमर, सुनील चन्द्रवंशी, चन्द्रभान मण्डेलिया, वैभव सिकरवार, बृजेन्द्र सिंह तोमर, सागरनाती, एम.आई.सी. सदस्य अवधेश कौरव, पार्षद केदार बरहादिया, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, गोविन्द थौराठ, सुधीर मण्डेलिया, जसवंत सेजवार, राजा भदौरिया, पंचम भदौरिया, हिमांशु कीकन आदि सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वाहन चालान में स्मार्ट सिटी एमपी में टाप, प्रोजेक्ट पूरा करने में फेल

**ग्वालियर/भोपाल।** ग्वालियर में स्मार्ट सिटी डवलपमेंट कारपोरेशन भले ही शहर में कोई बेहतर व उच्च गुणवत्ता का कार्य न कर पाया हो, और न ही अभी तक उसकी कोई भी योजनाओं की उपलब्धि रही हो, भले ही उसकी स्मार्ट सिटी राइड साइकल योजना टाय-टाय फिस्स होकर बंद हो गई हो। लेकिन आईटीएमएस इंटेलीजेंट ट्रेफिक मैनेजमेंट सिस्टम में स्मार्ट सिटी ग्वालियर पूरे मध्यप्रदेश में वाहनों का चालान करने व उनसे रेवेन्यू वसूलने में अग्रणी रहा हैं।

स्मार्ट सिटी का वैसे आईटीएमएस चालानों के मामले में पूरी तरह फेल है और स्थानीय वाहन चालक इनके रोज आने वाले चालानों से बेहद परेशान हैं, लेकिन स्मार्ट सिटी डव्लपमेंट कारपोरेशन ने ग्वालियर में 21 माह में 10 करोड़ रूपये के चालान विभिन्न वाहनों पर कर डाले हैं। यह चालान बहुतायात में वाहन चालकों पर उनका पक्ष सुने बिना उनकी गलती न होने पर भी कर दिये गये हैं। इससे वाहन चालक अब स्मार्ट सिटी के नाम से ही बिदकने लगे हैं। लेकिन इसके बाद भी ग्वालियर में 21 माह में 10 करोड़ रूपये के चालान राशि के आईटीएमएस द्वारा विभिन्न वाहन चालकों के ट्रेफिक नियम उल्लंघन करने पर बनाये गये हैं। इनके एवज में आईटीएमएस ने यातायात पुलिस के नाम से 4.50 करोड़ का चालान राजस्व वसूला है, जो मध्यप्रदेश में आईटीएमएस द्वारा बनाये गये चालानों में सर्वाधिक वसूली है और एक रिकार्ड भी हैं। यह चालान आईटीएमएस द्वारा विभिन्न चैराहों व मार्गो पर रेड लाइट, ओवर स्पीड, बिना हेलमेट के हैं। इसमें प्रतिदिन लगभग 550 चालान जनरेट किये जा रहे हैं और वाहन का नंबर ट्रेस कर वाहन चालकों के घरों पर भेजे जा रहे हैं।

# विश्व की इकॉनोमी स्लो होगी तो हमारी भी इकोनॉमी स्लो होगी: राजीव खेर

**ग्वालियर।** विश्व की इकॉनोमी स्लो होगी तो हमारी भी इकोनॉमी स्लो होगी, इसलिए हम ऐसा फ्रेमवर्क तैयार करना चाहते हैं जब उन रास्तों में ग्लोबल चुनौतियां आए तो उनका रास्ता बनाएं। ग्लोबल इकोनॉमी की बढ़त पांच साल पहले से धीमी पड़ गई जैसे चायना की गति धीमी हुई वैसे ही पूरे विश्व में धीमी गति पड़ गई।हर प्रोडक्ट की फाइल असेम्बलिंग चायना में हो रही है इसलिए गति धीमी हुई।2001 से 2016 तक दुनिया की गति एक देश चला रहा था वह था चायना। ऐसे माहौल में जी20 हमारे सामने आया है।भारत की प्राचीन चिकित्सा के आधार पर हम दुनिया को आगे बढ़ा सकते हैं। हमारा चिकित्सा,शिक्षा पर जोर देना है इसमें युवाओं की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह बात भारत सरकार के पूर्व वाणिज्य सचिव राजीव खेर ने जेयू में आयोजित जी 20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट अगेजिंग ए यंग माइंड संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कही। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.कन्हैया आहूजा,डॉ.अमित कुमार वक्ता के रूप में प्रो.एसके शुक्ला उपस्थित रहे।अध्यक्षता जेयू के कुलपति प्रो.अविनाश तिवारी ने की। इस अवसर पर रेक्टर प्रो. डी एन गोस्वामी, कुलसचिव डॉ. आर के बघेल सहित सभी अतिथियों के सामूहिक द्वीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।तत्पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया। इसके बाद प्रो.डीएन गोस्वामी ने स्वागत भाषण दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जेयू के कुलपति प्रो. अविनाश तिवारी ने कहा कि कार्बन रिडक्शन कम होना चाहिए। भारत काफी आगे निकल चुका है कोरोना काल में भारत ने सबसे पहले वैक्सीन बनाई और अपने पड़ोसी देशों को भी दी।

## नाबालिग बच्चे की हत्या के प्रकरण में फरार आरोपी को रौन पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन एवं एसडीओपी लहार के मार्गदर्शन मे मछण्ड थाना रौन मे हुये नाबालिग बालक के हत्या के फरार चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 19/04/2023 को ग्राम मछण्ड का रहने वाला 5 वर्षीय बालक घर से शाम 4 बजे कोचिंग पढने गया था जो कि शाम 6 बजे तक घर नही लौटा जिसकी परिजन ने तलाश की तो 5 वर्षीय नाबालिग पडोसी के मकान मे ऊपर वाले कमरे मे कूलर के अंदर मिला जिसका गला हाथ कपडे से एवं पैर तार से बँधे मिले जिसे लेकर परिजन तत्काल रौन अस्पताल पहुँचे जहाँ डाँक्टर ने नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। उक्त घटना पर से थाना रौन पर अपराध क्रमांक 89/2023 धारा 302, 201,120 बी, 34 भादवि मे 4 आरोपियो के विरुद्ध पंजीबद्ध किया । अपराध के आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु एसडीओपी लहार द्वारा थाना प्रभारी रौन निरीक्षक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व मे टीम गठित कर फरार चौथे आरोपी की गिरफ्तारी हेतु रवाना किया गया। जिसके तारतम्य मे फरार चौथे आरोपी को थाना रौन पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर से त्यागी नगर मुरार ग्वालियर से गिरफ्तार किया जाकर आज दिनांक 24/04/2023 को न्यायालय प्रस्तुत किया गया। प्रकरण के तीन आरोपीगणो को पूर्व मे गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया जा चुका है। सराहनीय भूमिका निरीक्षक नरेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी थाना रौन,उपनिरीक्षक विवेक प्रभात,सहायक उपनिरीक्षक बलवीर सिंह, सहायक उपनिरीक्षक कंपोटर सिंह पचौरी,प्रधान आरक्षक चालक अनिल शर्मा, आरक्षक जसविंदर जाट, आरक्षक राजू राठौर।

# कांग्रेस नेत्री ने किया जनसंपर्क



पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भिंड विधानसभा क्षेत्र 10 में अपने लोगों के बीच चर्चा करती हुई. शांति राजावत जी इंटक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने क्षेत्र के लोगों का जाना हाल ग्रामीण जनों ने बताया कि हमारे गांव में बिजली के बिल अनाप-शनाप दिए जा रहे हैं और समय पर बिजली नहीं मिल पा रही है पर बिल समय से पहले आ जाते हैं एवं हमारा गांव सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है इस अवसर पर श्रीमती शांति राजावत ने कहा साथियों हमारी कमलनाथ सरकार के द्वारा कहां गया था 100 यूनिट ? 100 बिजली का बिल आएगा एवं वृद्धावस्था पेंशन हजार रुपए दी जाएगी लेकिन शिवराज सरकार के इस योजना पर काम नहीं किया गया । राजावत ने गांव के लोगों से कहा आप लोग एक बार हम को आशीर्वाद दे हम आपको सभी लोगों को विश्वास दिलाते हैं आपकी समस्या हमारी समस्या होगी उनके साथ में विनोद बघेल, अरविंद सोनी, बरुआ, पवन चौरसिया आदि ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## ग्वालियर के सभी 8 हजार बेसिक टेलीफोन फाइबर से कनेक्ट होंगे

**ग्वालियर।** ग्वालियर में भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल अपने सभी बेसिक टेलीफोन को आप्टीकल फाइबर केबल से कनेक्ट करेगा, ताकि उसमे बेहतर आवाज के साथ बेहतर नेट व नेट से जुड़ी अन्य सुविधायें उपभोक्ता तक शीघ्र और सुगम तरीके से पहुंच जाये। ग्वालियर में इसकी प्रक्रिया शुरू कर भी दी गई है और शेष बच्चे बेसिक टेलीफोन भी इससे जोड़े जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक बीएसएनएल ग्वालियर में अपने कार्यरत सभी बेसिक टेलीफोन को आप्टीकल फाइबर में कनेक्ट कर रहा हैं। विशेष बात यह है कि यह सभी टेलीफोन बिना नंबर बदले फाइबर से कनेक्ट हो जायेंगे। जिससे टेलीफोन उपभोक्ता को नंबर बदले जाने की परेशानी नहीं होगी और उसके टेलीफोन पर सारी सुविधायें अपने टेलीफोन कंपनियों से बेहतर होंगी। ग्वालियर दूरसंचार जिले में अभी 8 हजार फोन कार्यरत है। पहले कुछ उपभोक्ता टेलीफोन में क्रास आवाज, साफ सुनाई न देना व आये दिन टेलीफोन लाइन खराब होने से परेशान रहते थे अब फाइबर से कनेक्ट होने से यह समस्या खत्म हो जायेगी और इसके अलावा फाइबर से कनेक्ट होने से नेट की गति फास्ट भी हो जायेगी और नेट से मिलने वाली अन्य सुविधाओं का उपयोग टेलीफोन उपभोक्ता कर सकेगा। इसके साथ ही आप मनोरंजन के लिये टेलीफोन फाइबर केबल से टीव्ही के प्रोग्राम भी देख सकेंगे।

## 6 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी पुलिस की गिरफ्त में

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**गोहद।** गोहद चौराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक्सीडेंट के मामले में 2017 से अपराध क्रमांक 66/17 धारा 279, 337, 338 में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को थाना गोहद चौराहा पुलिस ने आरोपी हरजिंदर सिंह पिता धीर सिंह निवासी मोती सिंह का पुरा बूटी कुईयां से गिरफ्तार किया गया है। स्थाई वारंटी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी उपेन्द्र छारी, प्र आर मनोज शुक्ला, आर मान सिंह, अमरदीप की मुख्य भूमिका रही।

## उद्यम आधार शिविर एवं साहूकारी लायसेंस शिविर मंगलवार को चेम्बर भवन में



**ग्वालियर।** विकास संस्थान, ग्वालियर के सहयोग से व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों की सुविधा हेतु 'उद्यम आधार शिविर' नगर-निगम, ग्वालियर के सहयोग से साहूकारी लायसेंस शिविर का आयोजन मंगलवार 25 अप्रैल को प्रातः 11 से 2 बजे तक श्रीमंत माधवराव सिंधिया सभागार (चेम्बर भवन) में किया गया है।अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शहर के व्यवसाईयों एवं उद्योगपतियों सहित संस्था के सभी सदस्यों से उपरोक्त दोनों शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर, लाभ उठाने की अपील की है ।

# दतिया में माँ पीताम्बरा माई लोक बनाया जायेगा: सीएम चौहान

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि महाकाल महालोक की तर्ज पर पीताम्बरा माई लोक का भी निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही दतिया में आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी होगा। दतिया हवाई पट्टी को एयरपोर्ट में तब्दील करने के लिये भी भारत सरकार ने चर्चा कर पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को दतिया में पीताम्बरा माई के प्रकटोत्सव एवं दतिया गौरव दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यह बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान सरकार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीताम्बरा माई ट्रस्ट की अध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र, दतिया जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राठखे?ा, क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, ध्यानेन्द्र सिंह सहित जनप्रतिनिधि और ब?ी संख्या में माई के भक्त उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दतिया में पीताम्बरा माई के प्रकटोत्सव का जो आयोजन प्रारंभ किया गया है वह ऐतिहासिक है। इसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। माई के प्रकटोत्सव पर पूरे दतिया में उत्साह और उमंग का वातावरण है। केवल दतिया ही नहीं देश भर से लोग माई के प्रकटोत्सव में भक्तिभाव में शामिल होने पधारे हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि माँ पीताम्बरा माई की कृपा हो और हमारा प्रदेश निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होकर देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा सके। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि दतिया में पीताम्बरा माई के प्रकटोत्सव पर दिवाली की तरह लोगों ने अपने घरों पर रोशनी की है, दीपक जलाए हैं और रंगोलियाँ सजाकर उत्साह और उमंग के साथ अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान सरकार की पूर्व मुख्यमंत्री एवं ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती वसुंधरा राजे सिंधिया ने कहा कि माँ पीताम्बरा की कृपा और गुरूजी के आशीर्वाद से दतिया निरंतर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। प्रदेश सरकार ने भी दतिया के विकास में कोई कोर कसर नहीं छो?ी है। उन्होंने कहा कि माई की कृपा से ही दतिया में अनेकों उत्सवों का आयोजन प्रारंभ हुआ है। इसके साथ ही अनेक कथाओं का भी आयोजन कर लोगों को भक्तिरस में डूबने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि माँ पीताम्बरा माई के प्रकटोत्सव का यह दूसरा वर्ष है। उत्साह और उमंग के साथ बड़ी संख्या में लोग भागीदारी कर रहे हैं। आने वाले वर्षों में इसे और भव्यता प्रदान करने का कार्य किया जायेगा। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने कहा कि दतिया अब उत्सवों का शहर बन गया है। यहाँ पर वर्ष भर उत्सव एवं कथाओं का आयोजन किया जा रहा है। दतिया में माँ पीताम्बरा माई के प्रकटोत्सव का एक भव्य और आलोकिक आयोजन भी दतिया जिले का हर नागरिक उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है। माई के कृपा से दतिया में विकास के अनेक कार्य हुए हैं। दतिया की पहचान प्रदेश में ही नहीं देश में भी बड़ी है। गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से पीताम्बरा माई लोक निर्माण, हवाई अड्डे का निर्माण और आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि दतिया में सम्पूर्ण देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी भक्तजन माई के दर्शन के लिये पधारते हैं। यहाँ पर एयरपोर्ट बन जाने से देश विदेश के भक्तों को सुविधा प्राप्त होगी। इसके साथ ही दतिया का छोटा सा स्टेडियम अब शहर के मध्य में आ गया है। दतिया में एक आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी बहुत जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान को बताया कि माई के प्रकटोत्सव पर लोगों ने स्वेच्छा से सभी होटल, सभी वाटिकाएँ निःशुल्क कर दी हैं। इसके साथ ही अनेकों जगह भण्डारों के माध्यम से भोजन व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जा रही है। प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर पीताम्बरा माई मंदिर में 31 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए गए और दतिया के घर-घर में दीप जलाकर उत्सव मनाया गया।



**भक्तों पर हुई पुष्प वर्षा**-पीताम्बरा माई प्रकटोत्सव के अवसर पर एकत्र हुए भक्तों पर हैलीकॉप्टर के माध्यम से पुष्प वर्षा भी की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रकटोत्सव उत्सव और दतिया गौरव उत्सव का उत्साह और उमंग के साथ आनंद लिया।

**मुख्यमंत्री ने रथ का पूजन कर शुभारंभ किया**-पीताम्बरा माई प्रकटोत्सव के अवसर पर मंदिर से रथ यात्रा प्रारंभ की गई। पीताम्बरा माई की यह रथ यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर स्टेडियम पहुँची। रास्ते भर लोगों ने पुष्प वर्षा से यात्रा का स्वागत किया।

# आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन



दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद। जिला भिण्ड में असामाजिक तत्वों भगवान परशुराम के चल समारोह मे बाबा साहब के पोस्टर व बेनर फाडने बालों के खिलाफ और जातिगत दंगा भडकाने वालो के खिलाफ एस0सी0 एस0टी0 एक्ट के तहत व देशद्रोह जैसी संगीन धाराओं में जिस व्यक्ति के नाम से परमीशन ली गई थी और जिन लोगो ने इस घटना में शामिल है। उनके खिलाफ नाम दर्ज एफ0आई0आर0 दर्ज करने, मालनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस आरक्षक का आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले आरक्षकों को शीघ्र लाइन अटैच करने, दिनांक 05.03.2023 को ग्राम हरनामका पुरा में आपसी जमीनी विवाद को लेकर कैलाश यादव व उनके साथियों के द्वारा जाटव समाज की महिलाओं और पुरूषों के साथ मारपीट की गई जब इस घटना में आजाद समाज पार्टी व सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा समाज के लोगो की मदद की गई तो आरक्षक से मिली भगत होने के कारण पुलिस प्रशासन के द्वारा आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष कमल नागर जाटव और अन्य पांच लोगों के खिलाफ जो झूठी एफ0आई0आर0 दर्ज की गई है जिसमें एक का नाम भोगीराम जाटव का है। जिसकी चार वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है। इस एफ0आई0आर0 में जांच कर शीघ्र खात्मा लगाया जाने संबंधी आदि मांगों को लेकर गोहद एसडीओपी सौरभ कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें समस्या का निदान न होने पर गोहद में आजाद समाज पार्टी के और भीम आर्मी चीफ चन्द्रशेखर आजाद के द्वारा विशाल आन्दोलन करने की चेतावनी दी गई। ज्ञापन सौंपने वालों में आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल नागर, नरोत्तम सिंह भीम आर्मी, सामंत सिंह, गोलू पवैया, विजय सिंह, रवि जाटव सत्येंद्र सिंह सहित 2 दर्जन से अधिक लोग उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478